**31.** (A) Deplete (v) किसी वस्तु की मात्रा को घटाना या अपक्षम करना' का Opposite word -'Regenerate (v)" Nibble पुनर्जीव देना' होगा। अन्य शब्दों के अर्थ हैं – empty (v) खाली करना Quench-(v) प्यास बुझाना, Inflate - (v) हम भरना या फुलाना।

**32.** (B) Has barely yielded any result.

**33.** (C) वाक्य के रिक्त स्थान में One's का प्रयोग उचित है।

**34.** (D) 20, 24

**35.** (C) दिया गया वाक्य Indirect narration का है। इसका Direct narration निम्नवत् होगा–

Atul said to his friend," you can make use of my bike while, I am away".

**36.** (A) वाक्य में रेखांकित शब्द Adverb है। enough Adjective व Adverb दोनों रूपों में होता है। Adjective के रूप में इसे noun/ pronoun के पहले रखा जाता है, किन्तु Adverb के रूप में इसे verb, adjective या दूसरे Adverb के बाद ही रखा जाता है, पहले कभी नहीं।

**37.** (B) दिये गये वाक्य में a hermit, subject (कर्ता) है।

**38.** (C) Hide का Past Partciple - hid ($V_2$) होता है।

**39.** (D) दिया गया वाक्य Exclamatory (विस्मयादिबोधक) है।

**40.** (D) दिया गया वाक्य Passive voice का है और व्याकरण की दृष्टि से सही है।

Sub + was/were + $V_3$ + other words.

**41.** (C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयब जी थे। उन्होंने वर्ष 1887 में कांग्रेस के तीसरे अधिवेशन (मद्रास) की अध्यक्षता की थी।

**42.** (A) साइमन कमीशन 03 फरवरी, 1928 को भारत आया था। इस कमीशन के अध्यक्ष एल्सब्रुक साइमन थे। इसका विरोध करते हुए लाहौर में लाला लाजपत राय की लाठी चार्ज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

**43.** (C) संविधान के अनु. 110 का संबंध धन विधेयक से है। यह केवल लोकसभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है। इसे राज्यसभा में विचार–विमर्श हेतु अधिकतम 14 दिन तक रखा जा सकता है।

**44.** (A) प्रायद्वीपीय भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु कन्याकुमारी है। यह तमिलनाडु में स्थित है तथा कर्क रेखा ( $23\frac{1}{2}°$ उत्तरी अक्षांश) के उत्तर में स्थित है।

**45.** (A) अगुलहास धारा हिंद महासागर की धारा है, जबकि लेब्राडोर, फ्लोरिडा तथा कनारी अटलांटिक महासागर की धाराएँ हैं।

**46.** (C) नाथुला तथा जेलेप ला सिक्किम के दर्रे हैं।

**47.** (A) भारत में गरीबी का आकलन परिवार के उपभोग व्यय के आधार पर किया जाता है। शहरों में प्रति व्यक्ति 2100 कैलोरी प्रतिदिन व गाँवों में 2400 कैलोरी प्रतिदिन की रेखा रखी गई है।

**48.** (A) 09 दिसम्बर, 1946 को डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को संविधान सभा का अस्थाई अध्यक्ष चुना गया। 11 दिसम्बर, 1946 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद को इसका स्थाई अध्यक्ष चुना गया।

**49.** (B) काकोरी कांड वास्तव में 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ के निकट क्रांतिकारियों द्वारा रेल लूट की घटना थी। इसे HRA (हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन) ने अंजाम दिया था। इसके लिए राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाक उल्ला खाँ तथा रोशन सिंह को फाँसी दी गई थी।

**50.** (A) भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान है, जिसकी स्थापना वर्ष 1936 में हेली राष्ट्रीय उद्यान के रूप में की गई थी।

**51.** (D) शिक्षण केवल कक्षा तक सीमित रहने वाली प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो खेल के मैदानों, पुस्तकालयों, प्रयोगशाओं, संगोष्ठियों आदि अन्य वास्तविक परिस्थितियों से प्राप्त की जाती है।

**52.** (C) प्राथमिक विद्यालयों में मिड-डे मील कार्यक्रमों का प्रारम्भ 15 अगस्त सन् 1955 को हुआ, जिसके मुख्य उद्देश्य निम्न हैं–

1. बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना।
2. विद्यालयों में नामांकन संख्या बढ़ाना।
3. ग्रीष्मावकाश के उपरान्त अकाल पीड़ित क्षेत्रों में प्रारम्भिक स्तर के बच्चों को पोषण सम्बन्धी सहायता प्रदान करना।

**53.** (B) उद्दीपन-अनुक्रिया सिद्धान्त का प्रतिपादन एडवर्ड एल. थर्नडाइक ने किया था। इवान पी. पावलव ने क्लासिकल अनुबंधन सिद्धान्त का, बी.एफ. स्कीनर ने क्रियाप्रसूत अनुबंधन सिद्धान्प्त का तथा कोहलर ने अंतर्दृष्टि के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था।

**54.** (B) डिस्लेक्सिया पढ़ने-लिखने से जुड़ी एक ऐसी विकलांगता है जिसका असर पढ़ने और भाषा को समझने पर पड़ता है। डिस्लेक्सिया

से पीड़ित बच्चों को पढ़ने, लिखने स्पेलिंग लिखने या बोलने में कठिनाई होती है।

**55.** (B) ई.एम. रोजर्स के अनुसार –''नवाचार एक ऐसा विचार है जिसमें व्यक्ति नवीनता का अनुभव करता है।'' नवाचार पाठ्यक्रमों में गुणात्मक परिवर्तन से लेकर शिक्षण पद्धति एवं शाला प्रबन्धन तथा जनसमुदाय की शाला में सहभागिता के तरीकों से सम्बन्धित हो सकता है।

**56.** (A) ब्रिटिश कालीन शिक्षा में प्राथमिक शिक्षा के सम्बन्ध में हण्टर कमीशन –1882, लार्ड कर्जन (1898-1905) तथा हार्टोग समिति 1927-29) ने प्राथमिक शिक्षा की समस्या पर विचार कर उनकी समस्याओं के समाधान की रूपरेखा तैयार किया। हार्टोग समिति ने प्राथमिक शिक्षा में अपव्यय एवं अवरोधन की समस्या पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत में एक बड़ी संख्या में छात्र प्राथमिक शिक्षा पूर्ण किये बिना प्राथमिक शिक्षा को छोड़ देते हैं। इसलिए उन्हीं बच्चों को शिक्षा प्रदान करायी जाये जो उसके योग्य हों।

**57.** (D) आनुपातिक स्केल में अंतरित स्केल के सभी गुणों के साथ–साथ परम शून्य की संकल्पना निहित है। परम शून्य वह स्थिति है जिस पर कोई गुण पूर्णरूपेण अस्तित्वविहिन हो जाता है। जैसे लम्बाई, भार या दूरी का मापन आनुपातिक मापन हैं।

**58.** (A) पाठ प्रस्तावना कौशल के मुख्य संघटक निम्न हैं–

(1) पूर्वज्ञान से सम्बन्ध

(2) प्रेरणा हेतु उपयुक्त युक्ति व शैक्षिक साधनों का चयन

(3) आन्त ज्ञान से तुलना

(4) प्रश्नपों में तारतम्यता

(5) उद्दीपन प्रभाव

**59.** (C) एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा सन् 2005 में प्रस्तुत की गयी। इसके सिद्धान्त निम्नलिखित हैं –

(1) राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति आस्थावान विद्यार्थी तैयार हों।

(2) पाठ्यचर्या, पाठ्य पुस्तक केन्द्रित न होकर बाल केन्द्रित हो।

(3) ज्ञान को स्कूल के बाहरी जीवन से जोड़ा जाये।

(4) पढ़ाई को रटन्त प्रणाली से मुक्त किया जाये।

(5) कक्षा-कक्ष को गतिविधियों से जोड़ा जाये।

**60.** (C) वेलफेयर ग्राह्य ने शैक्षिक प्रशासन को कहा कि ''शैक्षिक प्रशासन उपयुक्त विद्यार्थियों को उपयुक्त शिक्षकों द्वारा समुचित शिक्षा प्राप्त करने योग्य बनाता है, जिससे वे उपलब्ध अधिक साधनों काउपयोग करके अपने प्रशिक्षण से सर्वोत्तम को प्राप्त करने में समर्थ हो सकें।''

**61.** (C) भारतीय पुनर्वास परिषद् (रीहैबिलिटेशन काउन्सिल ऑफ इण्डिया) को एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में 1986 में स्थापित किया गया था। सितम्बर 1992 को भारतीय पुनर्वास परिषद् अधिनियम संसद द्वारा पारित किया गया, जिसके द्वारा यह एक सांविधिक निकाय के रूप में 22 जून सन् 1993 को अस्तित्व में आयी। इसके मुख्य उद्देश्य अग्रलिखित हैं –

(1) देशभर में सभी प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का मानकीकरण एवं नियमन करना।

(2) दिव्यांगों के पुनर्वास के संदर्भ में देश में और देश के बाहर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चालाने वाले प्रशिक्षण संस्थानों/विश्वविद्यालों को मान्यता देना आदि।

**62.** (C) विकासात्मक दिशा के नियम को विकास क्रम का नियम भी कहा जाता है। इस नियम के अंतर्गत मस्तकाधोमुखी नियम तथा निकट से दूर का नियम, दोनों सम्मिलित होते हैं। मस्तकाधोमुखी विकास क्रम का अर्थ है कि सबसे पहले मस्तिष्क क्षेत्र फिर धड़ क्षेत्र तथा सबसे अंत में पैर क्षेत्र में शरीर के विभिन्न अंगों का विकास होता है। इसी प्रकार निकट से दूर के विकास क्रम के अनुसार पहले केन्द्र में स्थित अंगों की रचना व नियंत्रण होता है फिर केन्द्र से दूर स्थित अंगों की रचना व नियंत्रण होता है।

**63.** (D) मार्गरेट मीड के अनुसार वैयक्तिक भिन्नताओं के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक सांस्कृतिक कारक है। मार्गरेट मीड अमेरिका की सांस्कृतिक नृवैज्ञानिक थीं। सैद्धान्तिक रूप से मीड का विमर्श अपनी सहयोगी विद्वान और मित्र रूथ बेनेडिक्ट की ही तरह मनोवैज्ञानिक मानवशास्त्र की श्रेणी में आता है।

**64.** (B) ब्रेल लिपि विश्व भर में नेत्रहीनों के द्वारा पढ़ने और लिखने में छूकर व्यवहार में लायी जाती है। इस लिपि का आविष्कार वर्ष 1821 में एक नेत्रहीन फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल ने किया था।

**65.** (C) प्रावीन अनुबंधन सिद्धान्त का प्रतिपादन इवान पीत्र पॉवलॉव ने किया था। इन्होंने अपना प्रयोग कुत्ते पर किया।

**66.** (B) हेरेडिटरी जीनियम नाम पुस्तक फ्रांसिस गॉल्टन द्वारा लिखी गयी है। फ्रांसिस गॉल्टन जीव सांख्यिकी के संस्थापक माने जाने हैं। फ्रांसिस गॉल्टन यह जानना चाहते थे कि पिता से पुत्र में और फिर पौत्र में, इसी भाँति पीढ़ी दर पीढ़ी किसी गुण विशेष का संचरण किस प्रकार होता है।

**67.** (D) बालक के विकास को प्रभावित करने वाले कुछ प्रमुख कारक निम्नवत हैं –

(1) अंतः स्रावी ग्रंथियाँ

(2) पौष्टिक भोजन

(3) रोग तथा चोट

(4) वंशानुक्रम

(5) शुद्ध हवा तथा प्रकाश

(6) यौन विभेद

(7) पारिवारिक परिस्थितियाँ

(8) संस्कृति

(9) बुद्धि आदि।

**68.** (C) गैग्ने ने अधिगम को आठ वर्गों में वर्गीकृत किया। उन्हें इसे एक अधिगम सोपानिकी के रूप में प्रस्तुत किया। इस अधिगम सोपानिकी के आठ वर्गों के क्रमों में बताया। इसमें अगला क्रम पिछले क्रम से उच्चतर अथवा जटिलतर होता जाता है।




**69.** (C) सृजनात्मक समस्या समाधान की वह अवस्था, जिसमें व्यक्ति समस्या पर ध्यान नहीं देता है, वह अवस्था उद्भवन कहलाती है। इस अवस्था में व्यक्ति सूचना के बारे में चेतन रूप से चिंतन करना छोड़ देता है परन्तु अचेतन रूप से समस्या के बारे में सोचना होता है। उद्भवन काल में कोई नई सूचना, नया ज्ञान अथवा अनुभव भण्डार में जमा नहीं होता है।

**70.** (C) 'राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान' कोलकाता में स्थित है। राष्ट्रीय दृष्टि बाधितार्थ संस्थान देहरादून में, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान सिकन्दराबाद में तथा राष्ट्रीय श्रवण विकलांगता संस्थान मुम्बई में स्थित है।

**71.** (B) खाने का नमक (सोडियम क्लोराइड) का निर्माण मजबूत अम्ल (HCL) तथा मजबूत क्षार (NaOH) द्वारा होता है।

$$\text{Hcl} + \text{NaOH} \longrightarrow \text{Nacl} + H_2O$$

72. (C) गतिज ऊर्जा = $\frac{1}{2}mv^2$

$= \frac{1}{2}\frac{m^2v^2}{m}$ ($m$ से गुणा व भाग करने पर)

$= \frac{1}{2}\frac{p^2}{m}$

$P^2 = 2 \times m \times$ गतिज ऊर्जा

$P = \sqrt{2 \times m \times \text{गतिज ऊर्जा}}$

यहाँ $m$ तथा 2 स्थिर है अतः

$P = \sqrt{\text{गतिज ऊर्जा}}$

उपरोक्त समीकरण से यदि गतिज ऊर्जा चार गुनी कर दी जाए तो संवेग दुगुना हो जाएगा।

73. (B) ध्वनि तरंगें अनुदैर्ध्य तथा प्रकाश तरंगें अनुप्रस्थ होती हैं।

74. (C) 1 माइक्रोन = $10^{-6}$ मीटर

1 नैनो मीटर = $10^{-9}$ मीटर

1 पिकोमीटर = $10^{-12}$ मीटर

1 फेक्टोमीटर = $10^{-13}$ मीटर

75. (D) स्ट्रैटोस्फीयर (समताप मडंल) में पराबैंगनी किरणों से रक्षा करने वाली ओजोन परत स्थित है।

76. (B) तिलचट्टा (कॉकरोच) आर्थ्रोपोडा संघ का जन्तु है। इसमें श्वसन हेतु श्वास छिद्रों का प्रयोग होता है।

77. (B) $x = 6t^2 - 5t$

$\frac{dx}{dt} = 12t - 5$

$\frac{dx}{dt} = o \qquad 12t - 5 = o$

$t = 5/12$ sec

त्वरण $(a) = \frac{d^2x}{dt} = 12m/s^2$

$V = u + at$

$0 = u + \frac{12 \times 5}{12}$

$u = -5\ m/s$

78. (A) रतौंधी रोग – विटामिन A की कमी

स्कर्वी रोग – विटामिन C की कमी

बेरी बेरी रोग – विटामिन B की कमी

रिकेट्स रोग – विटामिन D की कमी

79. (B) 44 ग्राम $CO_2$ का आयतन = 22.4 लीटर

4.4 ग्राम $CO_2$ का आयतन

$= \frac{22.4 \times 4.4}{44} = 2.24$ लीटर

80. (A) सबसे कमजोर बल – गुरुत्वाकर्षण बल

सबसे शक्तिशाली बल – नाभिकीय बल

81. (B) $b^2 + 8b \geq 9b + 14$

$b = -3$ रखने पर

L.H.S $= (-3)^2 + 8(-3)$

$= 9 - 24 = -15$

R.H.S $= 9(-3) + 14$

$= -27 + 14 = -13$

अतः $b = -3$ पर असमिका सत्य नहीं है।

पुनः $b = -4$ रखने पर

L.H.S $= (-4)^2 + 8(-4)$

$= 16 - 32 = -16$

R.H.S $= 9(-4) + 14$

$= -36 + 14 = -22$

$b = -4$ पर असमिका सत्य है।

इसी प्रकार, $b = 5$ रखने पर

L.H.S $= (5)^2 + 8 \times 5$

$= 25 + 40 = 65$

R.H.S $= 9(5) + 14$

$= 45 + 14 = 59$

अतः विकल्प (B) सही है।

82. (C) AC + AB = 5AD




$AC + a = 5b$

$AC = 5b - a \qquad \ldots (1)$

$AC - AD = 8$

$AC = 8 + b \qquad \ldots (2)$

पाइथागोरस प्रमेय से,

$(AC)^2 = a^2 + b^2$

$(8 + b)^2 = a^2 + b^2$

$64 + b^2 + 16b = a^2 + b^2$

$a^2 = 16b + 64$

$$\left[\begin{array}{l} \because 5b - a = 8 + b \\ a + 8 = 4b \\ a = 4b - 8 \end{array}\right]$$

$(4b - 8)^2 = 16b + 64$

$16b^2 + 64 - 64b = 16b + 64$

$16b^2 - 80b = 0$

$b = 5$

$a = 4b - 8 = 20 - 8 \Rightarrow 12$

आयत का क्षेत्रफल

$= 12 \times 5 \Rightarrow 60$ वर्ग इकाई

83. (A) $h_1 : h_2 = 1 : 4$

$d_1 : d_2 = 4 : 5 = r_1 : r_2$

$v_1 : v_2 = \frac{1}{3}\pi r_1^2 h_1 : \frac{1}{3}\pi r_2^2 h_2$

$= r_1^2 h_1 : r_2^2 h_2$

$= \left(\frac{r_1}{r_2}\right)^2 \times \frac{h_1}{h_2}$

$= \left(\frac{4}{5}\right)^2 \times \frac{1}{4}$

$= \frac{16}{25} \times \frac{1}{4} = \frac{4}{25}$ या $4:25$

84. (D) प्रथम 9 अभाज्य संख्याएँ निम्नलिखित हैं' –

2, 3, 5, 7, 11, 13, 17, 19, 23

औसत $= \frac{2+3+5+7+11+13+17+19+23}{9}$

$= \frac{100}{9}$ या $11\frac{1}{9}$

85. (A) $\sqrt{2916} = 54$

$\sqrt{29.16} + \sqrt{0.2916} + \sqrt{0.002916} + \sqrt{0.00002916}$

$= 5.4 + 0.54 + 0.054 + 0.0054$

$= 5.9994$

86. (C) $a + b + c = 98$

$a : b = 2 : 3$ तथा $b : c = 5 : 8$

$a : b : c = 2 \times 5 : 3 \times 5 : 3 \times 8$

$= 10 : 15 : 24$

$(10 + 15 + 24)$

अर्थात् $49 \rightarrow 98$

$15 \rightarrow \frac{98}{49} \times 15$

$= 30$

अतः दूसरी संख्या = 30

87. (A)




समषट्भुज का परिमापन = $6r$

**88.** (B)




त्रिभुज का अन्तः केन्द्र कोणों के अर्द्धक से बनता है।

**89.** (C) $(1001)^3$

$= (1000+1)^3$

$= (1000)^3 + (1)^3 + 3 \times 1000 \times 1(1000+1)$

$= 1000000000 + 1 + 3000 \times 1001$

$= 1000000000 + 3003001$

$= 1003003001$

**90.** (D) $x$ का 20 % = 120

$$x = \frac{120 \times 100}{20} = 600$$

$\therefore$ 600 का 120 % = $600 \times \frac{120}{100} = 720$

**91.** (D) $\frac{6}{11} = 0.54$ ; $\frac{13}{18} = 0.72$

$\frac{15}{22} = 0.68$ ; $\frac{19}{36} = 0.52$ ; $\frac{5}{6} = 0.83$

अतः $\frac{19}{36}$ सबसे छोटी भिन्न है।

**92.** (B) अभीष्ट % = $\frac{125-100}{125} \times 100$ %

$= \frac{25}{125} \times 100$

= 20 %

**93.** (C) $1.\overline{27} = 1 + \frac{27}{99}$

$= 1 + \frac{3}{11} = \frac{14}{11}$

**94.** (C)

$p$ 15 वर्ष $2p$ 30 वर्ष $4p$ 45 वर्ष $8p$

अतः 45 वर्षों में धन 8 गुना हो जायेगा।

**95.** (D) $a^x = b^y = c^z = k$

$a = k^{\frac{1}{x}}$

$b = k^{\frac{1}{y}}$

$c = k^{\frac{1}{z}}$

$b^2 = ac$

$(k^{1/y})^2 = k^{1/x} . k^{1/z}$

$k^{2/y} = k^{\frac{1}{x}+\frac{1}{z}}$ (घातों की तुलना करने पर)

$\frac{2}{y} = \frac{1}{x} + \frac{1}{z}$

$\frac{2}{y} = \frac{x+z}{xz}$

$y = \frac{2xz}{x+z}$

**96.** (C) $x^2 - y^2 - 9z^2 + 6yz$

$= x^2 - (y^2 + 9z^2 - 6yz)$

$= x^2 - (y - 3z)^2$

$= (x + y - 3z)(x - y + 3z)$

**97.** (B) अभीष्ट लम्बाई

$= \frac{1}{2}$(समान्तर भुजाओं का योगफल)

$= \frac{1}{2}(a+b)$

**98.** (B) आयु वर्ग को आरोही क्रम में रखने पर,

12, 13, 14, 16, 18, 19

यहाँ $n = 6$ (सम संख्या)

अतः माध्यिका

$$= \frac{\frac{n}{2}\text{वें पद} + \left(\frac{n}{2}+1\right)\text{वें पद}}{2}$$

$= \frac{14+16}{2}$

= 15

**99.** (B) 3 माध्यिका = बहुलक + 2 माध्य

**100.** (D) हानि % = $\frac{\text{हानि}}{\text{क्रय मूल्य + हानि}} \times 100\%$

$= \frac{20}{120} \times 100\%$

$= \frac{100}{6}$ या $\frac{50}{3}$%

**101.** (C) भारत के 23वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा हैं।

**102.** (D) भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है।

**103.** (A) बुद्धचरितम् महाकाव्य अश्वघोष ने लिखा।

**104.** (D) विश्व पर्यावरण दिवस, 2018 का विषय (थीम) प्लास्टिक प्रदूषण को कम करो था।

**105.** (C) ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स (जी. एच. आई.), 2018 के अनुसार भारत का विश्व में 133वाँ स्थान है।

**106.** (B) 'नाथपंथ' नामक संप्रदाय के प्रवर्तक गोरखनाथ थे।

**107.** (D) निम्नलिखित में से यक्षगान कर्नाटक का लोकनृत्य है।

**108.** (D) काँचीपुरम् में कैलाशनाथ मंदिर (शिव मंदिर), जिसकी भीतरी दीवारों में रंगों से मूर्तियाँ बनाई गई हैं, यह नरसिंहवर्मन II ने बनवाया था।

**109.** (A) मिर्जापुर कजरी के लिए प्रसिद्ध है।

**110.** (D) सिक्किम राज्य में भारत का 100वाँ एयरपोर्ट स्थित है।

**111.** (B) केन्द्रीय ग्लास एवं सिरैमिक अनुसंधान संस्थान खुर्जा में स्थित है।

**112.** (A) वर्ष 2018 का रमन मैग्सेसे पुरस्कार भरत वाटवानी को प्रदान किया गया है।

**113.** (A) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा वर्ष 2017 का भारत–भारती पुरस्कार डॉ. रमेशचंद्र शाह को प्रदान किया है।

**114.** (B) साहित्य क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार, 2018 की घोषणा नहीं की गई।

**115.** (C) यू. एस. ओपन टेनिस टूर्नामेंट, 2018 (महिला एकल) की विजेता नाओमी ओसाका थीं।

**116.** (C) 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में वर्ष 2017 के लिए सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार विलेज रॉकस्टार्स ने जीता।

**117.** (C) दिसम्बर, 2018 में जलवायु परिवर्तन पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन कटोबिस (पोलैण्ड) में आयोजित किया गया।

**118.** (A) नेपाल देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 मई, 2018 को 'रामायण सर्किट' की शुरुआत की।

**119.** (C) 'भारत का शेक्सपीयर' कालिदास को कहा जाता है।

**120.** (A) 'कुम्भ मेले' को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची में 2017 को शामिल किया गया।

**121.** (D) 'कथकली' केरल राज्य का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है।

**122.** (C) सौरभ चौधरी का सम्बन्ध निशानेबाजी खेल से है।

**123.** (D) 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' की ऊँचाई 182 मीटर है।

**124.** (D) भारत की पहली इंजनरहित रेलगाड़ी तैयार हुई है। इसका नाम ट्रेन 18 है।

**125.** (D) मार्च, 2018 तक भारत का सबसे तेज सुपर कम्प्यूटर प्रत्युष है।

**126.** (C) 90वें ऑस्कर, 2018 की सर्वश्रेष्ठ फिल्म द शेप ऑफ वॉटर है।

**127.** (C) मानव विकास सूचकांक, 2018 में भारत का स्थान 130वाँ है।

**128.** (B) द एक्सीडेन्टल प्राइम मिनिस्टर पुस्तक के लेखक संजय बारू हैं।

**129.** (D) एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखी गई है।

**130.** (B) मिल्कमैन उपन्यास की लेखिका एना बर्न्स हैं।

**131.** (B) जीवन कौशल का मुख्य उद्देश्य है, चुनौतियों एवं माँगों के अनुसार योग्यता विकसित करना। जीवन कौशल, अनुकूली तथा सकारात्मक व्यवहार की वे योग्यताएँ हैं जो व्यक्तियों को दैनिक जीवन की माँगों और चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सक्षम बनाती हैं।

**132.** (C) अभिप्रेरणा के मूल प्रवृत्ति सिद्धान्त के प्रतिपादक मैक्डूगल हैं। मैक्डूगल ने इस सिद्धान्त का प्रतिपादन सन् 1908 में किया था।

**133.** (A) सहानुभूति कौशल में व्यक्ति दूसरों की परेशानियों को समझता है। किसी व्यक्ति की ऐसी संवेगात्मक प्रतिक्रियाएँ जो दूसरे लोगों पर केन्द्रित होती है या जिसका रुझान दूसरे की तरफ होता है और जिसमें करुणा की अनुभूति, हमदर्दी और चिंताएँ शामिल होती हैं उसे सहानुभूति कहते हैं।

**134.** (A) पुरस्कार धनात्मक एवं प्रत्यक्ष अभिप्रेरणा है। पुरस्कार प्राप्त करना एक आनन्ददायक तथा सुखद अनुभूति है जिसके द्वारा वांछित कार्यों को आनन्ददायक, आकर्षक तथा पुनरावृत्ति योग्य बनाया जाता है। साथ ही पुरस्कार किसी व्यक्ति को तत्काल और प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

**135.** (B) शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act) 1 अप्रैल 2010 को लागू हुआ। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के शीर्षक में 'निःशुल्क और अनिवार्य' शब्द सम्मिलित है। इस अधिनियम में 6-14 आयु समूह के सभी बच्चों को प्रवेश, उपस्थिति और प्रारम्भिक शिक्षा को पूरा करने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया।

**136.** (C) अर्बन महोदय ने मूल्य को परिभाषित करते हुए कहा है ''मूल्य वह है जो मानव इच्छाओं की तुष्टि करें।''

**137.** (A) सामाजिक अभिप्रेरक सामाजिक मान्यताओं, सम्बन्धों, परिस्थितियों, आदर्शों आदि के कारण उत्पन्न होते हैं। जैसे – प्रतिष्ठा, सुरक्षा, संग्रह, आत्मगौरव आदि। भूख, प्यास जन्मजात अभिप्रेरक हैं जबकि प्रेम जैविक अभिप्रेरक है।

**138.** (A) अलग ढंग से कार्य करने तथा नये तरीकों का इस्तेमाल करने की योग्यता सृजनात्मकता कहलाती है। ड्रेवहल के अनुसार सृजनात्मकता वह मानवीय योग्यता है जिसके द्वारा वह किसी नवीन रचना या विचारों को प्रस्तुत करता है।

**139.** (B) अमेरिका में व्यावसायिक निर्देशन का सूत्रपात्र बोस्टन के फ्रैंक पारसन्स ने किया, जिन्होंने सन् 1905 तथा 1906 में ब्रेड विनर्स इंस्टीट्यूट की स्थापना करके योजनाबद्ध तरीके से व्यवसाय सम्बन्धी निर्देशन का कार्य प्रारम्भ किया।

**140.** (D) एन.सी.ई.आर.टी. ने शैक्षिक संदर्भ में समानता एवं सहयोग को स्वीकार किया है। यहाँ समानता से अर्थ है कि सामान्य तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समान शिक्षा के अवसर उपलब्ध करना है तथा सहयोग से अर्थ है सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच सामाजिक अंतः प्रक्रियात्मक व्यवहार को सुदृढ़ करने एवं सहयोगात्मक व्यवहार को विकसित करने से है। इसके अतिरिक्त एन.सी.ई.आर.टी. ने शैक्षिक संदर्भ में सफाई एवं सच्चाई तथा श्रम जैसे मूल्यों को भी स्वीकार किया है।

**141.** (B)




अतः स्पष्ट है कि A, D की पौत्री (पोती) है।

**142.** (A) जिस प्रकार,

M → $(13)^2$ → 169

K → $(11)^2$ → 121

उसी प्रकार,

J → $(10)^2$ → 100

H → $(8)^2$ → 64

$JH = \frac{100}{64}$

**143.** (C)







**BE = DC** = 20 किमी

ED = BC = 20 किमी

तब, AB = 40 – 20 = 20 किमी

Δ ABE में,

$(AE)^2 = (BE)^2 + (AB)^2$

$= (20)^2 + (20)^2$

$= 400 + 400$

$= 800$

$(AE)^2 = 800$

$AE = \sqrt{800} = 20\sqrt{2}$ किमी

**144.** (A) 2 ⑤ 6 ⟶ you are (good)

6 [3] 7 ⟶ we are [bad]

[3] ⑤ 8 ⟶ (good) and [bad]

and = 8

**145.** (C) जिस प्रकार,

| F | O | R | G | E |
|---|---|---|---|---|
| +0↓ | +1↓ | +2↓ | +3↓ | +4↓ |
| F | P | T | J | I |

उसी प्रकार,

| C | U | L | P | R | I | T |
|---|---|---|---|---|---|---|
| +0↓ | +1↓ | +2↓ | +3↓ | +4↓ | +5↓ | +6↓ |
| **C** | **V** | **N** | **S** | **V** | **N** | **Z** |

**146.** (B) बिट का विस्तृत रूप बाइनरी डिजिट होता है इसको हिन्दी में बाइनरी नम्बर भी कहते हैं। बाइनरी डिजिट कम्प्यूटर में डेटा की सबसे छोटी इकाई है। बिट का एक बाइनरी वैल्यू 0 या 1 होता है।

**147.** (C) वी.एल.ई. का विस्तृत रूप वर्चुअल लर्निंग इन्वायरमेंट होता है। वर्चुअल लर्निंग इन्वायरमेंट एक अभाषी अधिगम का वातावरण है जिसको कम्प्यूटर और इंटरनेट की सहायता से सीखने के अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**148.** (C) स्कूलों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) योजना दिसम्बर, 2004 में माध्यमिक स्तर के छात्रों को मुख्यतः अपनी आई.सी.टी. कौशल क्षमता का विकास करने और कम्प्यूटर सहायक शिक्षण प्रक्रिया के माध्यम से अधिगम के अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। इसके मुख्यतः चार उद्देश्य थे–

(1) माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को कम्प्यूटर सहायक शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ भागीदारी करना।

(2) स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करना।

(3) शिक्षक संबंधित हस्तक्षेप जैसे– विशिष्ट शिक्षक की नियुक्ति, आईसीटी में सभी शिक्षकों की क्षमता–बढ़ाना और प्रेरणा के रूप में राष्ट्रीय आईसीटी पुरस्कार हेतु योजना बनाना।

(4) ई–विषयवस्तु का विकास करने से है।

**149.** (A) स्पैम एक प्रकार का अवांछित संदेश होता है जो थोक में भेजा जाता है तथा बिना बुलाये आ जाते हैं इसमें प्रायः विज्ञापन भरे होते हैं। स्पैल ई–मेल प्रयोगकर्ताओं के लिए एक प्रकार की समस्या बनी रहती है।

**150.** (D) कम्प्यूटर की संरचना के अनुसार मेमोरी कम्प्यूटर का वह भाग है जो यूजर द्वारा इनपुट किये डाटा और प्रोसेस डाटा को संगृहीत करती है। मेमोरी में डाटा सूचना एवं प्रोग्राम, प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहते हैं और आवश्यकश्ता पड़ने पर उपलब्ध होते हैं। इसे प्राथमिक मेमोरी या मुख्य मेमोरी कहते हैं। यह दो प्रकार की होती है।

(i) रैम (**RAM**) - Random Access Memory

(ii) रोम (**ROM**) - Read Only Memory

❑❑

# प्रैक्टिस सैट–1

## हिन्दी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 एवं 2 के लिए)**

गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए–

कुछ कहा जा रहा है उससे कहीं महत्वपूर्ण होता है अपनी बात कहने का तरीका। आप कितनी ही जरूरी बात क्यों न कहें, अगर आपकी बात कोई सुने नहीं, महसूस ही न करे, तो उसे कहने का फायदा ही क्या ? किसी के कहे को सुनने के लिए, उसे महसूस करने के लिए, पूरा ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत होती है और वही मिलता था मुझे उस महान संगीतज्ञ बीथोवन के स्वरों द्वारा–पूरा ध्यान। आप पूछ सकते हैं कि ''आवा-जाही और बातचीत के शोर से भरे किसी कमरे के दूसरे छोर पर बैठा कोई बच्चा उन आठ कोमल स्वरों को भला कैसे सुनता होगा ?'' इस सवाल का जवाब तो कोई भी शिक्षक दे सकता है। ये स्वर तो वे बच्चे ही सुन पाते थे जो पियानो के बिल्कुल पास खड़े हों, और तब उनका स्पर्श दूसरों को आगाह करता था। पर कुछ ही क्षणों तेजी से फैलती वह खामोशी ही बोलने लगती थी और जब तक आखिरी स्वर की गूँज खत्म होती, सभी बच्चे शांत हो चुके होते थे। वे खामोशियों, से सन्नाटे याद रहेंगे मुझे, ...... सात क्या उसके भी कई-कई सालों बाद भी।

**1.** संवाद तभी सार्थक होता है जब–
(A) मधुर आवाज
(B) शान्त माहौल
(C) जरूरी बात करना
(D) कहने-सुनने वाले सक्रिय हों

**2.** 'खामोशी ही बोलने लगती है' से अभिप्राय है–
(A) खामोशी तेज आवाज में बोलती है
(B) खामोश बच्चे बोलने लगते हैं
(C) जब कुछ बच्चे धीरे-धीरे बोलना बंद कर देते हैं तो बाकी बच्चों को पता चल जाता है कि उन्हें भी शान्त होना है
(D) खामोशी बच्चों से कहती है कि चुप हो जाओ

**3.** 'जो मेहनत करते हैं वह सफल होते हैं'–किस तरह का वाक्य है?
(A) मिश्र वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नही

**4.** किसी के कथन को उद्धृत करते समय किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
(A) विस्मयवाचक चिह्न
(B) अवतरण या उद्धरण चिह्न
(C) प्रश्नवाचक चिह्न
(D) निर्देशक चिह्न

**5.** 'रंग' शब्द से क्रिया बनती है–
(A) रंगवाला (B) रंगना
(C) रंगीला (D) रंगरेज

**6.** 'नाटक' से कौन–सा विशेषण बनेगा?
(A) नाटककार (B) नट
(C) नाटकीय (D) नाटकीयता

**7.** व्याकरण की दृष्टि से प्रेम शब्द क्या है?
(A) अव्यय
(B) भाववाचक संज्ञा
(C) क्रिया
(D) विशेषण

**8.** वह किधर गया? वाक्य में 'किधर' शब्द है–
(A) गुणवाचक विशेषण
(B) कालवाचक क्रियाविशेषण
(C) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** कौन ऊष्म व्यंजन नहीं है?
(A) श (B) ष
(C) ग (D) स

**10.** 'बच्चे छत <u>पर</u> खेल रहे हैं' इस वाक्य में रेखांकित शब्द में प्रयुक्त कारक बताए–
(A) सम्प्रदान (B) करण
(C) अपादान (D) अधिकरण

**11.** 'प्यास' का तत्सम रूप है–
(A) प्यासा (B) पिपासा
(C) पियास (D) पयास

**12.** 'कार' प्रत्यय से निर्मित नहीं है–
(A) पत्रकार (B) कलाकार
(C) कुम्भकार (D) बड़प्पन

**13.** राम आम खाता है, में वाच्य का कौन–सा रूप है?
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य
(C) भाववाच्य (D) उभयवाच्य

**14.** 'माता–पिता' में समास है–
(A) बहुव्रीहि (B) द्वन्द्व
(C) द्विगु (D) अव्ययीभाव

**15.** 'पीपर पात सरिस मन डोला' इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?
(A) रूपक अलंकार (B) उपमा अलंकार
(C) यमक अलंकार (D) श्लेष अलंकार

**16.** जिसके पास कुछ भी न हो–
(A) गरीब (B) अकिंचन
(C) दरिद्र (D) विनीत

**17.** 'परिमल' शब्द के चार अर्थ दिए गए हैं। आपको सटीक समानार्थक शब्द का चयन करना है।
(A) सुख (B) सर्वोत्तम गन्ध
(C) विमर्दन (D) सहवास

**18.** निसिदिन बरसत नयन हमारे : पंक्ति में रस है–
(A) वियोग शृंगार (B) करुण रस
(C) रौद्र रस (D) अद्भुत रस

**19.** 'कवित्त रत्नाकार' के रचयिता हैं–
(A) जगन्नाथ रत्नाकार
(B) सेनापति
(C) मतिराम
(D) बोधा

**20.** विनयपत्रिका की रचना किस भाषा में हुई है?
(A) अवधी (B) ब्रजभाषा
(C) मैथिली (D) हिन्दी

## English

**Direction (Q. No. 21)**

Read the Comprehension (Poetry) carefully and answer the question :

I Build Walls
walls that project
walls that shield
walls that say I shall not yield or reveal
who I am or how I fell.

**21.** What is the meaning of word 'yield'?
(A) consent (B) resist
(C) defy (D) none of these

**22.** Use the suitable 'Conjunction' to complete the following sentence.
Both Meenakshi ......... Suman may come today.
(A) but (B) and
(C) or (D) if

**23.** Is 'The man and his wife' in the following sentence a part of subject or predicate?

The man and his wife are working in their garden.

(A) Predicate
(B) Subject
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

**Directions (Q. Nos. 24 )**

Four alternative ways of converting the direct speech into Indirect speech are suggested for each of the following sentences. Find out the correct one :

**24.** 'Don't go near the water, children', she said.

(A) She suggested that the children should not go near the water
(B) She asked the children that they may not go near the water
(C) She urged the children that they might not go near the water
(D) She warned the children not to go near the water

**25.** Complete the following sentence with an appropriate article.

Dry these boots in ........ Sun.

(A) the (B) an
(C) a (D) None of these

**Direction (Q. No. 26)**

Read the Comprehension (Passage) carefully and answer the question :

Most children start watching television long before they enter school. Many doctors have come to the conclusion that children up to the age of two years should not watch TV. The doctors are of the view that the first two years of life are very important for the development of a child's brain. Spending time with parents and others encourages learning and healthy physical and social development. As children get older, TV can be watched to a limited extent. Children preparing to enter school can learn the alphabet and numbers from educational programmes. They can also learn about wildlife on nature shows. Television can be an excellent educator as well as entertainer for children.

**26.** Both the words 'educator' and 'entertainer' are :

(A) verb (B) adjective
(C) noun (D) determiner

**27.** The correct spelling is :

(A) Accommodate (B) Acommodate
(C) Accomodate (D) Accomodete

**28.** Complete the following sentence :

There are certain animals which can live both ....... water and ......... land.

(A) on, in (B) in, on
(C) inside, on (D) into, on

**29.** In the expression, "<u>Teaching</u> is a science", the underlined word is :

(A) Verbal noun
(B) Abstract noun
(C) Concrete noun
(D) None of the above

**30.** Mention a common suitable Prefix to the following words :

Generate, press, compose.

(A) de (B) un
(C) im (D) mis

## संस्कृत

**31.** 'सम्प्रति' अव्यय का क्या अर्थ है ?

(A) तब (B) अभी
(C) जब (D) कभी

**32.** 'प्रत्येकम्' पद में कौन-सी सन्धि है ?

(A) यण (B) दीर्घ
(C) गुण (D) अयादि

**33.** 'पितृ' शब्द का द्वितीया विभक्ति बहुवचन का रूप लिखिए।

(A) पितु (B) पितृभिः
(C) पितृन् (D) पितृभ्यः

**34.** 'अध्यारोपः' पद में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

(A) अभि (B) अ
(C) अध्य (D) अधि

**35.** 'नीलोत्पलम्' में कौन-सा समास है ?

(A) बहुब्रीहि (B) कर्मधारय
(C) द्विगु (D) द्वन्द्व

**36.** 'मा ब्रूहि दीनं वचः' सूक्ति उद्धृत है–

(A) नीतिशतक से (B) विदुरनीति से
(C) चाणक्यनीति से (D) मनुस्मृति से।

**37.** 'सुखेन जीवति' वाक्य में 'सुखेन' पद में किस विभक्ति का प्रयोग है ?

(A) द्वितीया (B) प्रथमा
(C) तृतीया (D) चतुर्थी

**38.** 'वकार' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) दन्त (B) दन्तोष्ठ
(C) ओष्ठ (D) कोई नहीं

**39.** 'वनिता' का पर्यायवाची शब्द कौन–सा है ?

(A) स्त्री (B) कान्ता
(C) कामिनी (D) ये सभी

**40.** 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' इति वाक्येन स्वास्थ्य महत्वं स्पष्टमेव। स्वस्थाः एव जनाः सर्वविधं कार्यं विधातुं समर्थाः भवन्ति। अस्वस्थाः शरीरबलरहिताः जनाः न किञ्चिदपि कर्तुं समर्थाः भवन्ति। धर्मादिसर्वविधकार्यसाधनाय स्वास्थ्यमेव प्रमुखं कारणं वर्तते। स्वस्थाः शरीरबलान्विता एव जनाः धनार्जनाय प्रभवन्ति।

कः खलु धर्मसाधनमस्ति ?

(A) शरीरं (B) धर्म
(C) जन (D) धन

## विज्ञान

**41.** साँप का जहर अत्यधिक संशोधित लार होती है, जिसमें ........होता है।

(A) प्रोटोटॉक्सिन्स (B) न्युट्रोटॉक्सिन्स
(C) जूटॉक्सिन्स (D) कैरेटोटॉक्सिन्स

**42.** भारी जल.........है।

(A) मोनोटेरियम ऑक्साइड
(B) पॉलीटेरियम ऑक्साइड
(C) ड्यूटेरियम ऑक्साइड
(D) ट्रीशियम ऑक्साइड

**43.** क्वान्टम सिद्धान्त की स्थापना किसने की थी ?

(A) मैक्स प्लैंक
(B) मार्क निकोलस
(C) अल्बर्ट आइन्सटाइन
(D) अल्फ्रेड हिचकॉक

**44.** प्रोथ्रोम्बिन, जो रक्त का थक्का जमने के लिए जिम्मेदार है,........के द्वारा स्रावित किया जाता है।

(A) छोटी आँत (B) रक्त प्लेटलेट्स
(C) बड़ी आँत (D) हृदय

**45.** वर्षा मापने के यंत्र को कहा जाता है ?

(A) ल्युसीमीटर (B) गैलेक्टोमीटर
(C) हायेटोमीटर (D) हायग्रोमीटर

**46.** ..........एक ध्रुवीय सहसंयोजी बंध है।

(A) P-Cl (B) Ne-Ne
(C) Cl-Cl (D) Ca-Cl

**47.** निम्नलिखित में से कौन–सी एक ग्रीनहाउस गैस नहीं है ?

(A) कार्बन डाइ–ऑक्साइड
(B) जलवाष्प
(C) कार्बन मोनोऑक्साइड
(D) नाइट्रस ऑक्साइड

**48.** आमों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए किस रसायन का इस्तेमाल किया जाता है ?

(A) सल्फर डाइ–ऑक्साइड
(B) नाइट्रस ऑक्साइड
(C) कैल्सियम कार्बाइड
(D) फॉस्फोरस

**49.** हाइपरटेक्स्ट का.......द्वारा आविष्कार किया गया था।

(A) जीन एंटोनी नॉलेट
(B) अल्फ्रेड नोबेल
(C) जोसेफ नाईसफॉर निप्से
(D) टेड नेल्सन

**50.** मोतियाबिंद के इलाज के लिए किस दवा का प्रयोग किया जाता है ?

(A) फेक्सोफेनाडाइन (B) कीटोकोनाजोल
(C) लेटनोप्रोस्ट (D) इबुप्रोफेन

## गणित

**51.** यदि $a + b = 7$ और $ab = 12$, तो $a^2 + b^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

(A) 25 (B) 12
(C) 10 (D) 9

52. $0.\overline{45}$ तथा $(0.8)^2$ में से कौन-सी संख्या छोटी है?

(A) $0.\overline{45} > (0.8)^2$ (B) $0.\overline{45} < (0.8)^2$

(C) $0.\overline{45} = (0.8)^2$ (D) इनमें से कोई नहीं

53. गुणनखण्ड कीजिए : $2x^2 - 9x + 10 = 0$

(A) 4 (B) 5

(C) 2 (D) – 2

54. $(476 \times 198 \times 359 \times 242)$ में इकाई अंक क्या होगा ?

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 1

55. किसी पंचभुज के सभी कोणों का योग कितना है ?

(A) 360° (B) 720°

(C) 540° (D) 180°

56. एक चतुर्भुज के तीन कोण क्रमशः 110°, 85° तथा 70° हैं। चौथे कोण की माप कितनी होगी ?

(A) 85° (B) 75°

(C) 65° (D) 95°

57. एक समकोण त्रिभुज का आधार 12 सेमी तथा कर्ण 13 सेमी है। इस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(A) 25 वर्ग सेमी (B) 30 वर्ग सेमी

(C) 12 वर्ग सेमी (D) 15 वर्ग सेमी

58. ₹ 792 का $6\frac{2}{3}\%$ कितना होगा ?

(A) 52.8 (B) 57.6

(C) 25.8 (D) 82.5

59. एक मेज को ₹ 1,960 में खरीदा गया। यदि उसे ₹ 1,862 में बेचा जाए, तो कितने प्रतिशत हानि होगी?

(A) 5% (B) 6%

(C) 12.5% (D) 10%

60. प्रथम 8 प्राकृतिक संख्याओं के वर्गों का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

(A) 22.5 (B) 25.5

(C) 12.5 (D) 30

61. 5, 9 तथा 10 का चतुर्थ अनुपाती ज्ञात कीजिए।

(A) 5 (B) 9

(C) 10 (D) 18

62. ₹ 2,500 का 5% वार्षिक दर से 3 वर्ष का साधारण ब्याज कितना होगा ?

(A) ₹ 275 (B) ₹ 375

(C) ₹ 122 (D) ₹ 205

63. उस वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके विकर्ण की माप 6 मीटर है।

(A) 18 मी² (B) 15 मी²

(C) 12 मी² (D) 27 मी²

64. 12 पेनों तथा 9 पेन्सिलों का कुल मूल्य ₹ 339 है। 4 पेनों तथा 3 पेन्सिलों का मूल्य कितना होगा ?

(A) ₹ 112 (B) ₹ 113

(C) ₹ 205 (D) ₹ 339

65. एक वृत्त की त्रिज्या 10 सेमी है तथा वृत्त की जीवा की लम्बाई 12 सेमी है। जीवा की केन्द्र से दूरी ज्ञात कीजिए।

(A) 10 सेमी (B) 12 सेमी

(C) 8 सेमी (D) 6 सेमी

66. यदि $8^{x+1} = 64$ हो, तो $3^{2x+1}$ का मान ज्ञात करो।

(A) 8 (B) 27

(C) 64 (D) 125

67. शून्य बहुपद की घात कितनी है ?

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) अपरिभाषित

68. यदि 5 मार्च, 2012 को सोमवार था, तो 5 नवम्बर, 2012 को कौन-सा दिन था ?

(A) सोमवार (B) मंगलवार

(C) बुधवार (D) रविवार

69. यदि $25a + 25b = 150$ हो, तो $a$ तथा $b$ का औसत कितना है ?

(A) 5 (B) 3

(C) 4 (D) 2

70. यदि A = {$x$ : $x$ एक धनात्मक पूर्णांक संख्या है} और B = {$x$ : $x$ एक प्राकृत संख्या है}, तो $A \cap B$ ज्ञात कीजिए।

(A) {$x$ : $x$ एक प्राकृत संख्या है}

(B) {$x$ : $x$ एक धनात्मक पूर्ण संख्या है}

(C) {$x$ : $x$ एक सम्मिश्र संख्या है}

(D) इनमें से कोई नहीं

## पर्यावरण एवं सामाजिक अध्ययन

71. निम्नलिखित में से कौन-सा "न्यायिक आदेश" उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति को किसी सार्वजनिक कार्यालय पर अधिकार करने से रोकने के लिए जारी किया जाता है ?

(A) उत्प्रेषण लेख (B) परमादेश

(C) निषेधाज्ञा (D) अधिकार पृच्छा

72. नीति आयोग का निर्माण निम्नलिखित में से किस संस्था के स्थान पर किया गया है?

(A) योजना आयोग

(B) आई.आर.डी.ए.

(C) दूरसंचार विभाग

(D) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

73. प्रांतों में द्वैध शासन किस अधिनियम द्वारा लागू किया गया था?

(A) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1919 द्वारा

(B) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 द्वारा

(C) इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1861 द्वारा

(D) इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1892 द्वारा

74. तक्षशिला विश्वविद्यालय किन दो नदियों के बीच स्थित थी ?

(A) सिंधु तथा झेलम

(B) झेलम तथा रावी

(C) व्यास तथा सिंधु

(D) सतलज तथा सिंधु

75. भारत में बंजर भूमि का सबसे बड़ा हिस्सा किस राज्य का है ?

(A) गुजरात (B) आंध्र प्रदेश

(C) मध्य प्रदेश (D) राजस्थान

76. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के पारित होते ही भारत तुरंत ............ बन गया।

(A) गणतांत्रिक राज्य

(B) लोकतांत्रिक राज्य

(C) डोमिनियन राज्य

(D) धर्मनिरपेक्ष राज्य

77. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

| स्तंभ – I | स्तंभ – II |
|---|---|
| 1. बृहदेश्वर मंदिर | a. ओडिशा |
| 2. दिलवाड़ा मंदिर | b. तमिलनाडु |
| 3. लिंगराज मंदिर | c. कर्नाटक |
| 4. हम्पी में स्मारकों का समूह | d. राजस्थान |

(A) 1 – c, 2 – d, 3 – a, 4 – b

(B) 1 – a, 2 – c, 3 – d, 4 – b

(C) 1 – b, 2 – d, 3 – a, 4 – c

(D) 1 – b, 2 – a, 3 – d, 4 – c

78. संविधान सभा के सम्बन्ध में निम्नलिखित कौन से कथन सही हैं ?

1. वह वयस्क मताधिकार पर आधारित थी
2. प्रत्यक्ष निर्वाचन से गठित हुई थी
3. वह बहुदलीय निकाय थी
4. वह कई समितियों के माध्यम से काम करती थी

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3

(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

79. निम्नलिखित में से किस/किन अनुच्छेद/अनुच्छेदों को आपातकाल के दौरान स्थगित नहीं किया जा सकता ?

(A) अनुच्छेद 19

(B) अनुच्छेद 20 तथा 21

(C) अनुच्छेद 22 तथा 23

(D) अनुच्छेद 24 तथा 25

80. मसाई निम्न में से किस देश की जनजाति है ?

(A) केन्या (B) जर्मनी

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) भारत

# शिक्षण कौशल

**निर्देश (प्रश्न संख्या 81 से 90 तक)**
सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**81.** निम्नलिखित में से कौन–सा 'समझ के लिए शिक्षण' को प्रदर्शित नहीं करता?
(A) समानता और अंतर देखने और सादृश्यता स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों की सहायता करना
(B) विद्यार्थियों को एकांकी तथ्यों और प्रक्रियाओं को याद करने के योग्य बनाना
(C) परिघटना या अवधारणा को अपने शब्दों में अभिव्यक्त करने के लिए विद्यार्थियों को कहना
(D) नियम कैसे काम करता है इसे स्पष्ट करने हेतु उदाहरण उपलब्ध कराने के लिए विद्यार्थियों को पढ़ाना

**82.** निम्नलिखित में से किस कथन को 'सीखने' के लक्षण के रूप में नहीं माना जा सकता?
(A) व्यवहार का अध्ययन सीखना है
(B) अन–अधिगम (unlearning) भी सीखने का एक हिस्सा है
(C) सीखना एक प्रक्रिया है जो व्यवहार में मध्यस्थता करती है
(D) सीखना कुछ ऐसी चीज है जो कुछ अनुभवों के परिणामस्वरूप घटित होती है

**83.** क्रिस्टीना अपनी कक्षा को क्षेत्र–भ्रमण पर ले जाती है और वापस आने पर अपने विद्यार्थियों के साथ भ्रमण पर चर्चा करती है। यह .......... की ओर संकेत करता है।
(A) आकलन के लिए सीखना
(B) आकलन का सीखना
(C) सीखने का आकलन (Assessment)
(D) सीखने के लिए आकलन

**84.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन 'सीखने' के बारे में सही है?
(A) सीखने के किसी भी चरण पर सीखना संवेगात्मक कारकों से प्रभावित नहीं होता
(B) सीखना मूल रूप से मानसिक क्रिया है
(C) बच्चों द्वारा की गई त्रुटियाँ यह संकेत करती हैं कि किसी तरह का सीखना नहीं हुआ
(D) सीखना उस वातावरण में प्रभावी होता है जो संवेगात्मक रूप से सकारात्मक हो और शिक्षार्थियों को संतुष्ट करने वाला हो

**85.** मूल्यांकन (Assessment) का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए–
(A) यह निर्णय लेना कि क्या विद्यार्थी को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जाना चाहिए
(B) सीखने में होने वाली कमियों का निदान और उपचार करना
(C) शिक्षार्थियों की त्रुटियाँ निकालना
(D) शिक्षार्थियों की उपलब्धि को मापना

**86.** डाल्टन शिक्षण विधि का विकास किसने किया?
(A) फ्रोबेल
(B) डब्ल्यू. एच. किलपैट्रिक
(C) मिस हेलेन पार्कहर्स्ट
(D) डाल्टन

**87.** भारत में शिक्षा प्रणाली –
(A) छात्रों के जीवन के लिए तैयार करती है।
(B) रोजगार के लिए तैयार करती है।
(C) व्यावसायिक विषयों के लिए तैयार करती है।
(D) परीक्षा के लिए तैयार करती है।

**88.** एक अच्छा अध्यापक विद्यार्थियों के मध्य बढ़ावा देता है–
(A) प्रतियोगिता की भावना को
(B) सहयोग की भावना को
(C) प्रतिद्वन्द्विता की भावना को
(D) तटस्थता की भावना को

**89.** प्रबन्धन की विशेषताएँ नहीं है –
(A) निर्देशन करना
(B) भौतिक स्रोतों में समन्वय स्थापित करना
(C) मानव विकास की प्रक्रिया
(D) व्यवहारिक होता है

**90.** बच्चा किस प्रकार सीखता है?
(A) पुस्तकें पढ़कर (B) परिचर्चा द्वारा
(C) प्रश्न पूछकर (D) उपर्युक्त सभी

# बाल मनोविज्ञान

**निर्देश (प्रश्न संख्या 91 से 100 तक)**
सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**91.** ............. के अनुसार 'बालक का विकास आनुवंशिकता तथा वातावरण का गुणनफल है।'
(A) वुडवर्थ (B) गैरेट
(C) हालैण्ड (D) थॉर्नडाइक

**92.** अधिगम में प्रयत्न व भूल के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया?
(A) पावलव (B) हेगार्टी
(C) थॉर्नडाइक (D) हल

**93.** अधिगम का क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन सिद्धान्त ............. द्वारा दिया गया था।
(A) पावलव (B) थॉर्नडाइक
(C) टोलमैन (D) स्किनर

**94.** मानव विकास ........... है।
(A) मात्रात्मक
(B) गुणात्मक
(C) कुछ सीमा तक अमापनीय
(D) (A) और (B) दोनों

**95.** पढ़ाते समय सामान्य कक्षा में अध्यापक का सर्वाधिक ध्यान किस मनोवैज्ञानिक तथ्य पर होना चाहिए?
(A) शिक्षण तकनीक
(B) शारीरिक क्षमता
(C) वैयक्तिक विभिन्नता
(D) पारिवारिक स्थिति

**96.** सीखने का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है–
(A) कौशल अर्जन
(B) ज्ञानार्जन
(C) व्यवहार में परिमार्जन
(D) वैयक्तिक समायोजन

**97.** सीखे हुए ज्ञान, कौशल या विषय का अन्य परिस्थितियों में उपयोग करने को कहते हैं–
(A) प्रेरणा
(B) सीखने का स्थानान्तरण
(C) भग्नाशा
(D) चिन्ता

**98.** बाल विकास में–
(A) प्रक्रिया पर बल है
(B) वातावरण और अनुभव की भूमिका पर बल है
(C) गर्भावस्था से किशोरावस्था तक का अध्ययन होता है
(D) उपरोक्त सभी

**99.** निम्न में से कौन अधिगमकर्ता को अधिक स्वतन्त्रता देता है ?
(A) संरचनावाद (B) क्रियाशीलतावाद
(C) व्यवहारवाद (D) सृजनशीलतावाद

**100.** विशेष रूप से जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का प्रबन्ध होना चाहिए–
(A) दूसरे सामान्य बच्चों के साथ
(B) विशेष विद्यालयों में विशेष बच्चों के लिए विकसित विधियों द्वारा
(C) विशेष विद्यालयों में
(D) विशेष विद्यालयों में विशेष शिक्षकों द्वारा

# सामान्य ज्ञान/समसामयिक घटनाएँ

**101.** ब्रिज किसमें अपनायी जाने वाली तकनीक है?
(A) एथलेटिक्स (B) कुश्ती
(C) भारोत्तोलन (D) कराटे

**102.** निम्नलिखित में से किस पुस्तक को 'समाजवाद की बाइबिल' कहते है?
(A) इकोनॉमिक्स ऑफ वेलफेयर
(B) दास कैपिटल
(C) वैल्यू एण्ड कैपिटल
(D) एसियन ड्रामा

**103.** मन्दिरों का शहर किसे कहा जाता है ?
(A) मदुरै (B) बंगलुरु
(C) मुम्बई (D) हैदराबाद

**104.** सुनीता विलियम्स कौन है?
(A) अंतरिक्ष यात्री
(B) मिसाइल विज्ञानी
(C) नाभिकीय वैज्ञानिक
(D) अंतरिक्ष भौतिक–विज्ञानी

**105.** सुप्रसिद्ध पुस्तक 'काबुलीवाला' के लेखक कौन हैं?
(A) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(B) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(C) मुन्शी प्रेम चन्द
(D) खान अब्दुल गफ्फार खां

**106.** दुग्ध के अग्रणी उत्पादकों का सही अवरोही क्रम है—
(A) चीन, भारत, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका
(B) भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, रू
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, चीन, रू
(D) भारत, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस

**107.** पण्डित भीमसेन जोशी निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से सम्बन्ध रखते हैं ?
(A) साहित्य (B) सामाजिक सेवाएँ
(C) शास्त्रीय संगीत (D) राजनीति

**108.** संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् के 10 अस्थायी सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है ?
(A) 5 वर्ष (B) 4 वर्ष
(C) 3 वर्ष (D) 2 वर्ष

**109.** जुरासिक पार्क है—
(A) यूएसए का खूबसूरत पार्क
(B) एक उपन्यास
(C) उच्च तकनीकी फिल्म
(D) एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र

**110.** निम्न में कौन-सी सीमारेखा रेडक्लिफ रेखा कहलाती है ?
(A) भारत तथा चीन
(B) भारत तथा बांग्लादेश
(C) भारत तथा पाकिस्तान
(D) भारत तथा अफगानिस्तान

**111.** 'संसार की छत' किसे कहते हैं ?
(A) इंदिरा स्थल (B) कंचनजंगा
(C) पामीर नॉट (D) इंदिरा कोल

**112.** 'प्रिंस ऑफ वेल्स' कप किस खेल से सम्बन्धित है ?
(A) रग्बी (B) गोल्फ
(C) पोलो (D) शतरंज

**113.** विवेकानन्द शिला स्मारक कहाँ पर स्थित है ?
(A) कोचीन (B) वाइजाक
(C) गोवा (D) कन्याकुमारी

**114.** "रोल-इन" शब्द किसमें प्रयुक्त होता है ?
(A) क्रिकेट (B) टेनिस
(C) हॉकी (D) गोल्फ

**115.** ब्रिक्स न्यू डेवलपमेण्ट बैंक (एन. डी. बी.) का मुख्यालय कहाँ है ?
(A) शंघाई (B) नई दिल्ली
(C) ब्राजीलिआ (D) मॉस्को

**116.** चिपको आंदोलन किससे सम्बन्धित है?
(A) आदिवासी विवाह प्रथा
(B) वृक्षों को काटने से बचाना
(C) मत्स्य संरक्षण
(D) जल संरक्षण

**117.** उबेर कप किस खेल से सम्बन्धित है ?
(A) फुटबॉल (B) हैंडबॉल
(C) बैडमिंटन (D) स्कवॉश

**118.** गाँधीजी को प्रभावित करने वाली पुस्तक 'अण्टू द लास्ट' का लेखक है—
(A) बोरिस येल्तसिन (B) जॉन रस्किन
(C) पुश्किन (D) रस्किन बॉण्ड

**119.** निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय राजधानी नहीं है?
(A) इस्लामाबाद (B) लंदन
(C) न्यूयार्क (D) पेरिस

**120.** स्कोडा, जिसने बाजार में अपनी सेडान 'रैपिड' उतारी मूलतः किस देश के ऑटोमोबाइल निर्माता हैं ?
(A) जापान (B) फ्रांस
(C) दक्षिण कोरिया (D) चेक गणराज्य

**121.** सत्रिया किस राज्य का शास्त्रीय नृत्य है ?
(A) मणिपुर (B) उत्तर प्रदेश
(C) असम (D) आन्ध्र प्रदेश

**122.** शिवा थापा का सम्बन्ध इनमें से किस खेल से है?
(A) बॉक्सिंग (B) गोल्फ
(C) शूटिंग (D) बैडमिंटन

**123.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के पाँच स्थायी सदस्य कौन–कौन हैं ?
(A) अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और कनाडा
(B) चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका
(C) जापान, जर्मनी, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका
(D) जर्मनी, चीन, अमेरिका, रूस और ब्रिटेन

**124.** निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही नहीं है ?
(A) सानिया मिर्जा–टेनिस
(B) साइना नेहवाल–बैडमिंटन
(C) झूलन गोस्वामी – क्रिकेट
(D) जीव मिल्खा सिंह – शतरंज

**125.** निम्नलिखित में से किसे सफेद हाथियों का देश कहते हैं?
(A) थाईलैंड (B) अफ्रीका
(C) क्यूबा (D) टर्की

**126.** गुजरात का प्रसिद्ध नृत्य है—
(A) कथक (B) कथकली
(C) भांगड़ा (D) गरबा

**127.** पन्नालाल घोष निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्य यंत्र बजाते थे ?
(A) बाँसुरी (B) सितार
(C) वायलिन (D) संतूर

**128.** रियो शिखर सम्मेलन का सम्बन्ध किससे है ?
(A) जैव-विविधता पर सम्मेलन
(B) ग्रीन हाउस गैसें
(C) ओजोन रिक्तीकरण
(D) आर्द्र भूमि

**129.** सार्क का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(A) वाशिंगटन (B) काठमांडू
(C) हेग (D) नई दिल्ली

**130.** कितनी भारतीय भाषाओं में सर्वोत्तम लेखन के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिए जाते हैं ?
(A) 12 (B) 15
(C) 20 (D) 24

## तार्किक ज्ञान

**131.** निम्नलिखित में पहले दो अक्षरों के बीच एक निश्चित सम्बन्ध है। दिये गये विकल्पों में से उस शब्द का चयन करें जो तीसरे शब्द के साथ वैसा ही सम्बन्ध रखता है।
चेन्नई : तमिलनाडु : : देहरादून : ?
(A) उत्तराखण्ड (B) झारखण्ड
(C) छत्तीसगढ़ (D) उत्तर प्रदेश

**132.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द का चयन करें।
**DE : 10 : : HI : ?**
(A) 17 (B) 20
(C) 36 (D) 46

**133.** यदि 'वृत्त', लम्बे व्यक्तियों को, 'त्रिभुज' सैनिकों को एवं 'वर्ग' सशक्त व्यक्तियों को निरूपित करता है, तो निम्नांकित आरेख के अन्दर दी गई संख्याओं में से कौन-सी संख्या केवल 'सशक्त सैनिकों' को निरूपित करेगी ?




(A) 8　　(B) 3
(C) 6　　(D) 5

**134.** निम्नलिखित अंकों की श्रेणी में कितने 4 ऐसे हैं, जिनके ठीक पहले 5 है, किन्तु ठीक बाद में 7 नहीं है ?
548749547745546547 5473247
(A) 2　　(B) 3
(C) 4　　(D) 5

**135.** एक निश्चित सांकेतिक भाषा में '253' से अभिप्राय 'books are old', '546' से अभिप्राय 'man is old' और '378' से अभिप्राय 'buy good books' हो, तो उस सांकेतिक भाषा में 'are' के लिए अंक कौन–सा होगा ?
(A) 2　　(B) 4
(C) 5　　(D) 6

## सूचना तकनीकी

**136.** CPU का कौन-सा भाग कम्प्यूटर घटकों की गतिविधियों का संचालन करता है ?
(A) बस　　(B) की–बोर्ड
(C) कंट्रोल यूनिट　　(D) मेमोरी

**137.** E.D.P. का पूरा नाम बताइये।
(A) इलेक्ट्रॉनिक डेआ प्रोसेसिंग
(B) इलेक्ट्रॉनिक डेटा पावर
(C) इलेक्ट्रॉनिक डोनेट पावर
(D) इलेक्ट्रिकल डेटा प्रोसेसिंग

**138.** डिजिटल सामग्री क्या है ?
(A) इंटरनेट　　(B) स्मार्टफोन
(C) टैबलेट　　(D) उपर्युक्त सभी

**139.** वर्ल्ड वाइड वेब की स्थापना कब की गई ?
(A) 1994 ई.
(B) 1995 ई.
(C) 1998 ई.
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**140.** वेब ब्राउजर का विकास किसने किया?
(A) टिमबर्नर्स ली　　(B) हिगेट
(C) रामबर्न　　(D) वेल्टन

## जीवन कौशल/प्रबन्धन एवं अभिवृत्ति

**141.** भारत में व्यावसायिक शिक्षा कब शुरू हुई ?
(A) 1986 ई. में　　(B) 1987 ई. में
(C) 1990 ई. में　　(D) 1985 ई. मे

**142.** अभिप्रेरणा और अधिगम के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा एक कथन सही है?
(A) अधिगम तभी प्रभावी होता है जब शिक्षार्थी बाहरी पुरस्कारों का उपयोग करने से प्रेरित हो
(B) अधिगम में प्रेरणा की कोई भूमिका नहीं होती
(C) अधिगम केवल तभी प्रभावी होता है जब शिक्षार्थियों में भीतरी प्रेरणा हो—सीखने की अंतर्निहित इच्छा हो
(D) अधिगम केवल तभी प्रभावित होता है जब शिक्षार्थी बाहरी रूप से प्रेरित हो—बाहरी कारकणों से प्रेरित हो

**143.** विद्यार्थियों को दिए जाने वाले परामर्श की सर्वाधिक उपयोगिता यह है कि—
(A) उनमें ज्ञान बढ़ता है
(B) उनका कौशल बढ़ता है
(C) उनमें आत्म-विश्वास की अभिवृद्धि होती है
(D) वे दुनियादारी में सफल बन जाते हैं

**144.** संवैधानिक प्रावधान हैं—
(A) संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार
(B) संविधान में शिक्षा सम्बन्धी प्रावधान
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**145.** प्राथमिक विद्यालय शिक्षक को अपने शिक्षार्थियों को अभिप्रेरित करने के लिए निम्नलिखित में से किस रणनीति को अपनाना चाहिए?
(A) प्रत्येक शिक्षार्थी में अंक लगाने के लिए स्पर्धा को प्रोत्साहित करना
(B) प्रत्येक गतिविधि के प्रेरक के रूप में प्रोत्साहन, पुरस्कार और दंड का उपयोग करना
(C) बच्चों को उनकी रुचियों के अनुसार अपने लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें पाने के लिए उद्यम में सहायता करना
(D) पूरी कक्षा के लिए मानक लक्ष्य निर्धारित करना और उनकी उपलब्धि के आकलन के लिए कठोर मानदंड निर्धारित करना

**146.** वर्तमान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या है –
(A) 11　　(B) 18
(C) 16　　(D) 10

**147.** दण्ड के प्रमुख सिद्धान्त हैं –
(A) प्रतिरोधात्मक
(B) प्रतिकारात्मक
(C) सुधारात्मक
(D) उपर्युक्त सभी

**148.** शिक्षार्थी तब तक नहीं सीख सकते जब तक—
(A) उन्हें शिक्षा के सामाजिक उद्देश्यों की आवश्यकताओं के अनुरूप न पढ़ाया जाए
(B) उन्हें यह पता न हो कि जो तथ्य उन्हें पढ़ाए गए हैं, निकट भविष्य में उनका परीक्षण किया जायेगा
(C) वे सीखने के लिए तैयार न हों
(D) दैनिक आधार पर घर में उनके माता–पिता विद्यालय में उनके सीखने के बारे में नहीं पूछेंगे

**149.** ........... प्रेरणाएँ अनुभूतियों के संतुष्टिकरण की अवस्थाओं तक पहुँचने और वैयक्तिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की आवश्यकता को सम्बोधित करती है।
(A) भावात्मक　　(B) संरक्षण–उन्मुखी
(C) सुरक्षा–उन्मुखी　　(D) प्रभावी

**150.** संविधान के किस अनुच्छेद में नागरिकों के मूलभूत कर्तव्यों की चर्चा है—
(A) 21 ए　　(B) 51 ए
(C) 356　　(D) उपर्युक्त कोई नहीं

## संकेत एवं हल

### हिन्दी

**1.** (D) यदि कहने-सुनने वाले सक्रिय न हों तो किसी बात का कहने का फायदा ही क्या चाहे आप कितनी भी अहम् बात क्यों न कहें। अतः विकल्प (D) सही है।

**2.** (C) खामोशी बोलने लगती है। इसका तात्पर्य है कि जब कुछ बच्चे धीरे-धीरे बोलना बंद कर देते हैं तो बाकी बच्चों को पता चल जाता है कि उन्हें भी शान्त होना है।

**3.** (A) 'जो मेहनत करते हैं वह सफल होते हैं।' वाक्य 'मिश्र वाक्य' है। जिस वाक्य रचना में एक प्रधान वाक्य तथा एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य हों उन्हें मिश्र वाक्य कहते हैं।

**4.** (B) किसी के कथन को उद्धृत करते समय 'अवतरण या उद्धरण चिह्न' का प्रयोग होता है।

**5.** (B) **रंगना**
1. रंग देना, रंग से युक्त करना
2. प्रभावित करना
3. अनुकूल बनाना

**6.** (C) **नाटकीय**
1. नाटक संबंधी
2. नाटक या नटों की तरह
3. नाटक संबंधी

**7.** (B) **भाववाचक संज्ञा**—
जिन संज्ञा शब्दों से व्यक्ति, स्थान अथवा वस्तु के गुण, दोष, दशा अवस्था आदि का बोध होता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

8. (C) **प्रश्नवाचक सर्वनाम**– किसी व्यक्ति, वस्तु, घटना आदि के संबंध में प्रश्न करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले सर्वनाम शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे–यह पौधा किसने लगाया?

9. (C) इन वर्णों के उच्चारण में मुख से विशेष प्रकार की गर्म वायु (ऊष्मा) निकलती है। इनकी संख्या चार होती है–श, ष, स, ह।

10. (D) **अधिकरण कारक**–'अधिकरण' अर्थात् आधार यानी संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के होने के स्थान व समय का पता चले, वहाँ अधिकरण कारक कहलाता है। इसका चिह्न 'में' तथा 'पर' होता है जैसे–तोता डाल पर बैठा है।

11. (B) **पिपासा**–
1. प्यास, तृष्णा, पानेच्छा
2. इच्छा लोभ जैसे, धन की पिपासा

12. (D) 'बड़प्पन' शब्द कार प्रत्यय से निर्मित नहीं है। 'बड़प्पन' शब्द में 'पन' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। 'पन' भाववाचक तद्धित प्रत्यय है। अन्य तीनों शब्दों में 'कार' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। अतः विकल्प (A) सही है।

13. (A) 'राम आम खाता है' में 'कर्तृवाच्य' है। इसमें कर्ता मुख्य होता है। इसमें अकर्मक तथा सकर्मक दोनों तरह की क्रियाओं का प्रयोग होता है।

14. (B) माता–पिता का समास विग्रह होगा–माता और पिता। इसमें द्वन्द्व समास है। अतः विकल्प (B) सही है।

15. (B) **उपमा अलंकार**–जहाँ अत्यधिक समानता के कारण एक वस्तु या प्राणी की तुलना दूसरी वस्तु या प्राणी से की जाए, वहाँ उपमा अलंकार होता है।

16. (B) 'जिसके पास कुछ भी न हो – 'अकिंचन'
नम्र स्वभाव वाला – विनीत
जिसके पास बिल्कुल धन न हो – दरिद्र
जो बेचारा या निरूपाय हो–गरीब

17. (B) परिमल के अन्य पर्यायवाची हैं–चंदन, कुमकुम।
सुख – उल्लास , खुशी
सहवास – रति
विमर्दन – पीड़ा देने वाला, विनाशक

18. (A) **वियोग शृंगार**–एक–दूसरे के प्रेम में अनुरक्त नायक एवं नायिका के मिलन का अभाव, विप्रलम्भ शृंगार होता है–
कहेऊ राम वियोग तब सीता।
मो कह सकल भए विपरीता।।

19. (B) 'कवित्त रत्नाकर सेनापति द्वारा रचित है।' इसमें 394 छंद एवं ब्रजभाषा में भगवान राम की कथा का वर्णन है। सेनापति का एक अन्य ग्रन्थ काव्य कल्पद्रुम है, यह एक रीति ग्रन्थ माना जाता है।

20. (B) सगुणधारा के रामशक्ति शाखा के प्रमुख कवि तुलसीदास कृत विनयपत्रिका ब्रजभाषा में रचित है यह गीति काव्य है तथा 279 छन्दों में रचा गया यह एक भक्ति काव्य है।
तुलसीदास की 12 रचनाएँ है जिसमें वैराग्य संदीपनी, कृष्णगीतावली, गीतावली, विनयपत्रिका, दोहावली एवं कवितावली आदि ब्रजभाषा में रचित हैं, जबकि रामाज्ञा प्रश्न, रामलला, नहछू, जानकी मंगल, राम चरित मानस, पार्वतीमंगल तथा बरवै रामायण आदि अवधी भाषा में रचित हैं।

## English

21. (A) दिये गये शब्द (word) 'yield' का अर्थ 'समर्पण करना' स्वीकार करना या 'मान लेना'।

22. (B) दिये गये रिक्त स्थान पर suitable conjunction 'and' का प्रयोग किया जायेगा, क्योंकि Both के साथ हमेशा and का ही प्रयोग किया जाता है।

23. (B) दिये गये वाक्य (sentence) में 'The man and his wife' का Subject (कर्ता) के रूप में प्रयोग हुआ है।

24. (D) दिया गया वाक्य Direct narration का imperative sentence है। Rule है कि Reporting verb को sense के अनुसार warned, order, request आदि का प्रयोग करे, inverted commas को to में बदल दें। इस प्रकार negative imperative का structure है—
[Sub + warned + Object + not + to + verb] अतः विकल्प (D) सही है।

25. (A) दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान में 'the' article (उपपद) का प्रयोग होगा। Natural obejct के पूर्व Definite article का प्रयोग होता है।

26. (C) 'Educator' और 'Entertainer' दोनों ही Noun (संज्ञा) शब्द हैं।

27. (A) शब्द Accommodate (v) (एक विशेष संख्या में लोगों के कहीं बैठने या ठहरने की पर्याप्त सुविधा होना) की spelling सही है।

28. (B) दिये गये वाक्य (sentence) के रिक्त स्थानों में 'in' तथा 'on' preposition का प्रयोग होगा।

29. (A) उपर्युक्त रेखांकित शब्द *teaching* एक verbal noun (क्रियावाचक संज्ञा) है। अतः विकल्प (A) सही है

30. (A) सही Prefix 'de' होगा।
Degenerate, depress, decompose.

## संस्कृत

31. (B) 'सम्प्रति' अव्यय का अर्थ है - 'अभी'।

32. (A) 'प्रत्येकम्' पद में 'यण सन्धि' है।

33. (C) 'पितृ' शब्द का द्वितीया विभक्ति बहुवचन का रूप 'पितृन्' है।

34. (D) 'अध्यारोपः पद में 'अधि' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

35. (B) 'नीलोत्पलम्' में कर्मधारय समास है।

36. (A) उपर्युक्त सूक्ति 'नीतिशतक' से उद्धृत है। अतः विकल्प (A) सही है।

37. (C) 'सुखेन जीवति' वाक्य में 'सुखेन' पद में 'तृतीया विभक्ति' का प्रयोग है।

38. (B) 'वकार' का उच्चारण स्थान 'दन्तोष्ठ' है।

39. (D) 'वनिता' के पर्यायवाची शब्द स्त्री, कामिनी, कान्ता हैं।

40. (A) शरीरमेव खलु धर्मसाधनमस्ति।

## विज्ञान

41. (C) जूटॉक्सिन (Zoo toxin) एक विष है जो साँप के जहर में पाया जाता है।

42. (C) भारी जल का सूत्र ($D_2O$) है। भारी जल का प्रयोग नाभिकीय रियेक्टरों में न्यूट्रॉनों की गति को मंद करने के लिए होता है। इस कार्य हेतु बेरिलियम ऑक्साइड का प्रयोग भी होता है।

43. (A) मैक्स प्लांक ने क्वांटम सिद्धांत दिया था। इस सिद्धान्त के अनुसार कोई वस्तु ऊर्जा का अवशोषण या उत्सर्जन छोटे–छोटे ऊर्जा के पैकेटों के रूप में करती है। इन पैकेटों को क्वाण्टम या फोटोन कहते हैं।
$E = h\nu$
E = एक फोटोन की ऊर्जा
h = प्लांक नियतांक = $6.625 \times 10^{-34}$ जूल सेकेण्ड

44. (B) प्रोथ्रोम्बिन एवं फाइब्रिनोजन नामक रक्त का थक्का जमाने वाले पदार्थों का संश्लेषण यकृत में होता है। इन्हें रुधिर प्लेटलेट्स स्रावित करती हैं।

45. (C) वर्षा मापने का यंत्र हायटो मीटर (Hyetometer) होता है। आइसोहाइट (Iso-hyet) ऐसी रेखाएँ हैं जो समान वर्षा वाले क्षेत्रों को जोड़ती हैं।

46. (A)

47. (C) कार्बन डाइ–ऑक्साइड, मीथेन, जल वाष्प एवं नाइट्रस ऑक्साइड ग्रीन हाउस गैसें हैं।

48. (C) आमों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए कैल्सियम कॉर्बाइड ($CaC_2$) का प्रयोग होता है। जब यह फलों की नमी से संपर्क करता है तो एसिटिलीन गैस उत्पन्न होती है जो फलों को एथिलीन की भाँति कृत्रिम रूप से पकाती है।

**49.** (D) हाइपर टेक्स्ट (Hypertext) का आविष्कार टेड नेल्सन (Ted Nelson) ने किया था।

**50.** (C) लेटनोप्रोस्ट नामक दवा का प्रयोग मोतिया बिंदु के इलाज के लिये किया जाता है। कीटोकोनाजोल का प्रयोग फंगल इन्फेक्शन के उपचार में, इबुप्रोफेन दर्द निवारक के रूप में प्रयुक्त होती है।

## गणित

**51.** (A) $a + b = 7$ और $ab = 12$

सूत्र से,

$a^2 + b^2 = (a + b)^2 - 2ab$

$= (7)^2 - 2 \times 12$

$= 49 - 24$

$= 25$

**52.** (B) $0.\overline{45} = \frac{45}{99} = \frac{5}{11} = 0.454$

$(0.8)^2 = 0.64 > 0.45$

अतः $0.\overline{45}$ छोटी संख्या है।

**53.** (C) $2x^2 - 9x + 10 = 0$

$\Rightarrow 2x^2 - 5x - 4x + 10 = 0$

$\Rightarrow x(2x - 5) - 2(2x - 5) = 0$

$\Rightarrow (2x - 5)(x - 2) = 0$

अतः $x = \frac{5}{2}$ या 2

**54.** (A) $476 \times 198 \times 359 \times 242$ में इकाई का अंक

$= 6 \times 8 \times 9 \times 2$ में इकाई का अंक

(दी गई संख्याओं के इकाई अंक का गुणा करने पर)

$= 864$ में इकाई का अंक

$= 4$

**55.** (C) अभीष्ट योग $= (2n - 4) \times 90$

$= (2 \times 5 - 4) \times 90$

$= 6 \times 90$

$= 540°$

**56.** (D) चतुर्भुज के चारों अन्तःकोणों का योग

$= 360°$

$110 + 85 + 70 + x$ (माना)

$= 360°$

$x = 360 - 265$

$x = 95°$

**57.** (B) त्रिभुज का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times$ आधार $\times$ लम्ब

$= \frac{1}{2} \times 12 \times \sqrt{(13)^2 - (12)^2}$

[$\because$ पाइथागोरस प्रमेय से]

$= 6 \times 5$

$= 30$ वर्ग सेमी

**58.** (A) 792 का $6\frac{2}{3}\% = 792 \times \frac{20}{3} \times \frac{1}{100}$

$= \frac{264 \times 20}{100} = \frac{5,280}{100}$

$= 52.8$

**59.** (A) हानि $= 1,960 - 1,862$

$=$ ₹ 98

$\therefore$ हानि % $= \frac{\text{हानि}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$

$= \frac{98}{1,960} \times 100$

$= 5\%$

**60.** (B) समान्तर माध्य $= \frac{(n+1)(2n+1)}{6}$

$= \frac{(8+1)(16+1)}{6}$

$= \frac{9 \times 17}{6}$

$= 25.5$

**61.** (D) प्रश्न से,

$5 : 9 :: 10 : x$ (चतुर्थ अनुपाती)

$\Rightarrow 5 \times x = 9 \times 10$

$\Rightarrow x = \frac{9 \times 10}{5}$

$= 18$

**62.** (B) साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$= \frac{2,500 \times 3 \times 5}{100}$

$=$ ₹ 375

**63.** (A) वर्ग का क्षेत्रफल $=$ (भुजा)$^2$

$= \left(\frac{\text{विकर्ण}}{\sqrt{2}}\right)^2$

$= \left(\frac{6}{\sqrt{2}}\right)^2 = \frac{6 \times 6}{2}$

$= 18$ मीटर$^2$

**64.** (B) (12 पेन + 9 पेन्सिल) का कुल मूल्य

$=$ ₹ 339

$\Rightarrow$ (4 पेन + 3 पेन्सिल) का मूल्य

$= \frac{339}{3}$

$=$ ₹ 113

**65.** (C) समकोण $\Delta$AOC में,




$OC^2 = OA^2 - AC^2$

$OC^2 = (10)^2 - (6)^2$

$OC^2 = 100 - 36$

$OC = \sqrt{64}$

$= 8$ सेमी

**66.** (B) $8^{x+1} = 64$

$8^{x+1} = 8^2$

$\Rightarrow x + 1 = 2$ या $x = 1$

$\therefore 3^{2x+1} = 3^{2\times1+1}$

$= 3^3 = 27$

**67.** (D) शून्य बहुपद की घात परिभाषित नहीं है।

**68.** (A) 5 मार्च, 2012 से 5 नवम्बर, 2012 तक कुल विषम दिनों की संख्या

$= \frac{5+2+3+2+3+3+2+3+5}{7}$

$= \frac{28}{7} \Rightarrow 0$

सोमवार + 0 = सोमवार

अतः 5 नवम्बर 2012 को भी सोमवार होगा।

**69.** (B) $25a + 25b = 150$

$\Rightarrow a + b = \frac{150}{25} = 6$

$\Rightarrow \frac{a+b}{2} = \frac{6}{2} = 3$

अतः $a$ तथा $b$ का औसत

$= 3$

**70.** (A) A $\cap$ B = {$x$ : $x$ एक प्राकृत संख्या है}

## पर्यावरण एवं सामाजिक अध्ययन

**71.** (D) अधिकार पृच्छा "न्यायिक आदेश" उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति को किसी सार्वजनिक कार्यालय पर अधिकार करने से रोकने के लिए जारी किया जाता है।

**72.** (A) नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान) भारत सरकार द्वारा गठित एक नया संस्थान है जिसे योजना आयोग के स्थान पर बनाया गया है। 1 जनवरी, 2015 को इस नए संस्थान के संबंध में जानकारी देने वाला मंत्रिमंडल का प्रस्ताव जारी किया गया। यह संस्थान सरकार के थिंक टैंक के रूप में सेवाएँ प्रदान करेगा और

उसे निर्देशात्मक एवं नीतिगत गतिशीलता प्रदान करेगा। नीति आयोग, केन्द्र और राज्य स्तरों पर सरकार को नीति के प्रमुख कारकों के संबंध में प्रासंगिक महत्वपूर्ण एवं तकनीकी परामर्श उपलब्ध कराएगा।

**73.** (A) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1919 द्वारा प्रांतों में द्वैध शासन अधिनियम लागू किया गया था।इस अधिनियम की मुख्य विशेषता प्रांतों में एक आंशिक उत्तरदायी सरकार की स्थापना थी। इसके लिए द्वैध शासन पद्धति को लागू किया गया। इसके तहत प्रांतीय विषयों को दो उपवर्गों में विभाजित किया गया– आरक्षित तथा हस्तान्तरित। प्रांतों में द्वैधशासन के जनक 'लियोनस कार्टियस' थे।

**74.** (A) भारत में दुनिया के पहले विश्वविद्यालय 'तक्षशिला विश्वविद्यालय' की स्थापना सातवीं शती ईसा पूर्व हो गयी थी। यह समय नालन्दा विश्वविद्यालय से लगभग 1200 वर्ष पहले था। 'तेलपत्त' और 'सुसीमजातक' में तक्षशिला को काशी से 2,000 कोस दूर बताया गया है। यहाँ अध्ययन करने के लिए दूर-दूर से विद्यार्थी आते थे। यह विश्वविद्यालय सिंधु और झेलम नदियों के बीच स्थित है। भारत के ज्ञात इतिहास का यह सर्वप्राचीन विश्वविद्यालय था। इस विश्वविद्यालय में राजा और रंक सभी विद्यार्थियों के साथ समान व्यवहार होता था। जातक कथाओं से यह भी ज्ञात होता है कि तक्षशिला में 'धनुर्वेद' तथा 'वैद्यक' तथा अन्य विद्याओं की ऊँची शिक्षा दी जाती थी।

**75.** (D) राजस्थान का पश्चिमी भाग देश के सबसे बड़े रेगिस्तान ''थार'' या 'थारपाकर' का भाग है। इस भाग में वर्षा का औसत 12 सेमी. से 30 सेमी. तक है। इस भाग में लूनी, बांड़ी आदि नदियाँ हैं, जो वर्षा के कुछ दिनों को छोड़कर प्रायः सूखी रहती हैं। भारत में बंजर भूमि का सबसे बड़ा हिस्सा राजस्थान राज्य का है।

**76.** (C) वर्ष 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के अन्तर्गत भारत को डोमिनियन स्टेट्स (औपनिवेशिक दर्जा) प्रदान किया गया था।

**77.** (C)

**78.** (C) संविधान सभा के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथन सही है–

1. वह वयस्क मताधिकार पर आधारित थी।
3. वह बहुदलीय निकाय थी।
4. वह कई समितियों के माध्यम से काम करती थी।

**79.** (B) आपातकाल की अवधि के दौरान राष्ट्रपति आदेश देकर संवैधानिक उपचारों के अधिकारों को भी निलंबित कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिवाय अनुच्छेद 20 व 21 के किसी भी मूल अधिकार के प्रवर्तन हेतु नागरिकों के सर्वोच्च न्यायालय में जाने पर रोक लग जाती है।

**80.** (A) मसाई दक्षिणी केन्या और उत्तरी तंजानिया में निवास कर रहे अर्द्ध–खानाबदोश लोगों का एक नीलोटिक जातीय समूह है। वह महान अफ्रीकी झीलों के कई खेल पार्क के पास निवास करने और विशिष्ट रीति–रीवाज और पोशाक के कारण सबसे अच्छी ज्ञात स्थानीय आबादी है।

## शिक्षण कौशल

**81.** (B) विद्यार्थियों को एकांकी तथ्यों और प्रक्रियाओं को याद करने योग्य बनाना विद्यार्थियों क समझ या सूझ को विकसित नहीं करता। यह मात्र रहने पर बल देता है। इसलिए यह 'समझ के लिए' शिक्षण को प्रदर्शित नहीं करता है।

**82.** (A) व्यवहार का अध्ययन सीखना, किसी भी प्रकार से सीखने का लक्षण नहीं है क्योंकि व्यवहार का अनुकरण करके उसे सीखा जा सकता है न कि व्यवहार का अध्ययन किया जा सकता है।

**83.** (C) किसी भी प्रकार से शिक्षार्थी को प्रायोगिक या व्यावहारिक ज्ञान देकर बाद में उस विषय पर चर्चा करके शिक्षार्थी के सीखने का आकलन किया जाता है?

**84.** (D) सीखना उस वातावरण में प्रभावी होता है जो संवेगात्मक रूप से सकारात्मक हो और शिक्षार्थियों को संतुष्ट करने वाला हो।

**85.** (B) मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य सीखने में होने वाली कमियों का निदान तथा उपचार करना होना चाहिए।

**86.** (C) डाल्टन शिक्षण विधि मिस हेलेन पार्कहर्स्ट ने वर्ष 1920 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के मैसाच्यूसेट्स राज्य के डाल्टन स्थित विद्यालयों में प्रारम्भ की। इस विधि के दो मुख्य सिद्धान्त हैं –

1. विभिन्न विषयों के लिए निश्चित घंटों और समय सारिणी के कठोर बंधनों को नष्ट करके बच्चे को स्वतंत्रतापूर्वक काम करने की सुविधा देना।
2. बालक की रुचि जिस विषय में अधिक हो उसे उस विषय को जितनी देर तक वह चाहे अध्ययन करने देना।

**87.** (B) भारत में वर्तमान शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य छात्र को रोजगार परक शिक्षा देना है ताकि भविष्य में आर्थिक समस्याओं को हल सकें।

**88.** (B) एक अच्छा अध्यापक सदैव विद्यार्थियों के मध्य सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है ताकि विद्यार्थियों में समायोजन क्षमता का विकास हो सके। इसके लिए खेल शिक्षण विधि का प्रयोग किया जाता है।

**89.** (D) प्रबन्धन की विशेषताओं में विकल्प सही नहीं (D) है। अतः प्रबन्धन व्यवहारिक नहीं होता है।

**90.** (D) सीखना, व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य की एक प्रक्रिया है जिसमें छात्र कई प्रकार से सीख सकते हैं; जैसे–पुस्तकों को पढ़कर, परिचर्चा द्वारा, अखबार पढ़कर, प्रश्न पूछकर, अनुकरण करके, समस्याओं को हल करके आदि।

## बाल मनोविज्ञान

**91.** (A) आनुवंशिकता से व्यवहार के रचना तंत्र का निर्माण होता है तथा वातावरण उस रचना तंत्र के व्यवहार की एक निश्चित दिशा विकसित करता है। ''बीज से वृक्ष बनने की सम्भावना निहित रहती है लेकिन वातावरण के आधार पर उसके विकास का स्तर निर्धारित है। दोनों में से किसी एक के अभाव में वृक्ष का समुचित ढंग से विकास होना सम्भव नहीं है।'' इसलिए **वुडवर्थ** का मत है कि ''बालक का विकास आनुवंशिकता तथा वातावरण का गुणनफल है।''

**92.** (C) अधिगम में प्रयत्न व भूल के सिद्धान्त का प्रतिपादन **थॉर्नडाइक** ने किया था। इस सिद्धान्त के अनुसार प्रयास एवं त्रुटि के द्वारा सीखने वाला एक निश्चित उद्दीपक के लिए एक निश्चित अनुक्रिया करने में परिपक्व हो जाता है। इस सिद्धान्त को उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त/चयन एवं सम्बन्ध का सिद्धान्त भी कहते हैं। थॉर्नडाइक ने इस सिद्धान्त का प्रयोग बिल्ली पर किया था।

**93.** (D) अधिगम का क्रिया प्रसूत अनुबंध सिद्धान्त मनोवैज्ञानिक वी. एफ. स्किनर के द्वारा दिया गया है। इस सिद्धान्त के अनुसार एक ही क्रिया के बार-बार करने से व्यक्ति में परिपक्वता आ जाती है। स्किनर ने इस सिद्धान्त का प्रयोग चूहा एवं बिल्ली पर किया था। चूहे पर किया गया प्रयोग मुख्य माना जाता है।

**94.** (D) मानव विकास मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों रूपों में होता है। मात्रात्मक में लम्बाई,

भार, विभिन्न अंगों के आकार का बढ़ना आदि का अध्ययन किया जाता है, जबकि गुणात्मक में योग्यता, क्षमता, अभिवअत्ति, बुद्धि, व्यक्तित्व, रुचि, चिन्तन आदि का अध्ययन किया जाता है।

**95.** (C) पढ़ाते समय सामान्य कक्षा में शिक्षक को सर्वाधिक ध्यान कक्षा में बैठे बालकों की वैयक्तिक भिन्नता पर देना चाहिए क्योंकि सभी बालकों में बुद्धि क्षमता का स्तर अलग- अलग होता है साथ ही उनकी वातावरणीय स्थिति भिन्न होती है जिसके कारण बालकों में अधिगम क्षमता में भिन्नता पाई जाती है। अतः अध्यापक को इसका विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि बच्चों के अधिगम क्षमता के अनुसार अधिगम कार्य किया जा सके और सभी बालकों का समान रूप से विकास हो।

**96.** (C) अधिगम (सीखने) का मुख्य उद्देश्य बालक के व्यवहार में परिवर्तन लाना है ताकि परिस्थितियों के अनुरूप खुद को समायोजित करने के कौशल का विकास हो सके।

**97.** (B) सीखे हुए ज्ञान, कौशल या विषय किसी अन्य परिस्थितियों में उपयोग करने को ज्ञान का स्थानान्तरण कहते हैं। ज्ञान का स्थानान्तरण तीन प्रकार का होता है—

1. धनात्मक स्थानान्तरण
2. ऋणात्मक स्थानान्तरण
3. शून्य स्थानान्तरण

**98.** (C) बाल विकास का व्यापक अर्थ है जिसमें बालक के गर्भावस्था से लेकर कि ोरा-वस्था तक का अध्ययन किया जाता है और इसके साथ ही आारीरिक, मानसिक एवं व्यावहारिक परिवर्तनों का भी अध्ययन किया जाता है।

**99.** (D) सृजनशीलता अधिगमकर्ता को नये विचारों या रचनाओं को पैदा करने या उन्हें खोजने का भरपूर (स्वतन्त्र रूप से) अवसर प्रदान करना है।

**100.** (A) विशेष रूप से जरूरतमंद बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ ही शिक्षा देने का प्रबन्ध करना चाहिए ताकि इससे सामान्य बच्चे भी प्रभावित होते रहे।

## सामान्य ज्ञान/समसामयिक घटनाएँ

**101.** (B) ब्रिज कुश्ती में अपनायी जाने वाली तकनीक है।

**102.** (B) दास कैपिटल एक पुस्तक है जिसकी रचना कार्ल मार्क्स ने 1867 ई. में की थी। इसमें मजदूर वर्ग को शोषण से मुक्त करने के उपाय बताये गये हैं।

**103.** (A) 'मदुरै' दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य के मदुरई जिले का मुख्यालय नगर है। यह भारतीय प्रायद्वीप के प्राचीनतम बसे शहरों में से एक है।

**104.** (A) सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला है। यह भारत के गुजरात के अहमदाबाद से ताल्लुक रखती है।

**105.** (B) रबीन्द्रनाथ टैगोर। इनको गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। वे विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के एकमात्र नोबेल पुरस्कार विजेता हैं।

**106.** (B) कुल दुग्ध उत्पादन की दृष्टि में भारत का प्रथम स्थान है। अवरोही क्रम इस प्रकार है—(1) भारत, (2) अमेरिका, (3) चीन, (4) रूस, (5) जर्मनी इत्यादि।

**107.** (C) पण्डित भीमसेन जोशी, महाराष्ट्र राज्य के एक प्रख्यात भारतीय गायक हैं। जिनका सम्बन्ध हिन्दुस्तानी संगीत शैली में 'शास्त्रीय संगीत' से है। यह एक संगीत शैली में 'ख्याल' गायकी के लिए जाने जाते हैं।

**108.** (D) अस्थायी सदस्यों का निर्वाचन महासभा अपने दो-तिहाई (2/3) बहुमत से दो वर्षों के लिए करती है। सुरक्षा परिषद् में 15 सदस्य होते हैं 5 स्थायी एवं 10 अस्थायी। 5 स्थायी सदस्य हैं—अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस। अस्थायी सदस्य प्रत्येक दो वर्ष पर परिवर्तर्तित होते रहते हैं।

**109.** (C) जुरासिक पार्क एक उच्च तकनीकी फिल्म है, यह स्टीवेन स्पीलबर्ग द्वारा 1993 में निर्देशित विज्ञान फंतासी, रोमांचक फिल्म है।

**110.** (C) रेडक्लिफ रेखा 1947 में सर सिरील रेडक्लिफ ने भारत और और पाकिस्तान के मध्य खींची।

**111.** (C) संसार की छत (रूफ ऑफ द वर्ल्ड) पामीर के पठार (पामीर नॉट) को कहा जाता है। यह शब्द जानवुड द्वारा सर्वप्रथम 1834 में पामीर के पठार के लिए प्रयुक्त किया गया था।

**112.** (B) प्रिंस ऑफ वेल्स कप गोल्फ खेल से सम्बन्धित है।

**113.** (D) विवेकानन्द शिला स्मारक कन्याकुमारी (तमिलनाडु) में स्थित है। इस पवित्र स्थान को विवेकानन्द रॉक मेमोरियल कमेटी ने 1970 ई. में स्वामी विवेकानन्द के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए बनाया था। इसी स्थान पर स्वामी विवेकानन्द ने गहन ध्यान लगाया था।

**114.** (C) 'रोल-इन' शब्द का प्रयोग हॉकी (Hockey) खेल में होता है।

**115.** (A) ब्रिक्स 'न्यू डेवलपमेन्ट बैंक' (N.D.B.) का मुख्यालय शंघाई (चीन) में है। इसके अध्यक्ष के.वी. कामथ (K.V. Kamath) हैं।

**116.** (B) चिपको आन्दोलन वृक्षों को काटने से बचाने से सम्बन्धित है। दक्षिण भारत में इसी प्रकार अप्पिका आंदोलन भी चलाया गया।

**117.** (C) उबेर कप, जिसे महिलाओं की विश्व टीम प्रतियोगिता भी कहा जाता है। यह एक बड़ी अन्तर्राष्ट्रीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता है, जिसमें विभिन्न देशों की राष्ट्रीय महिला बैंडमिंटन टीमें (Team) हिस्सा लेती हैं।

**118.** (D) 1860 ई. में प्रकाशित 'अन टू द लास्ट' के लेखक रस्किन बॉण्ड थे। इस किताब से महात्मा गाँधी काफी प्रभावित थे।

**119.** (C) न्यूयार्क एक प्रमुख नगर है संयुक्त राज्य अमेरिका का तथा अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डी. सी. है। न्यूयार्क हडसन नदी के तट पर, लंदन टेम्स नदी के तट पर तथा पेरिस सीन नदी के तट पर अवस्थित हैं।

**120.** (D) स्कोडा, जिसने बाजार में अपनी सेडान (Sedan) कार (Launch) उतारी है। यह ऑटोमोबाइल निर्माता कम्पनी मूलतः **चेक** गणराज्य देश की है।

**121.** (C) 'सत्रिया नृत्य' असम राज्य का शास्त्रीय नृत्य है। यह नृत्य आठ मुख्य भारतीय शास्त्रीय नृत्य परम्पराओं में से एक है। यह नृत्य असम का शास्त्रीय नृत्य है। इस नृत्य के संस्थापक महान संत श्री मंता शकर देव हैं।

**122.** (A) शिवा थापा एक भारतीय मुक्केबाज हैं। इनका जन्म असम गुवाहाटी में हुआ था। 2012 में ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में भी हिस्सा लिया था। 2015 में कांस्य, 2010 में रजत (सिंगापुर) जीता था।

**123.** (B) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के पाँच स्थायी सदस्य हैं—चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका।

**124.** (D) जीव मिल्खा सिंह—शतरंज युग्म सही नहीं है, क्योंकि यह एक धावक थे न कि शतरंज खिलाड़ी। मिल्खा सिंह को 'Flying sikh'

भी कहा जाता है।'Flying Sikh' का खिताब पाकिस्तान के जनरल अयूब खाँ ने दिया था।

**125.** (A) थाईलैण्ड। थाईलैंड को सफेद हाथियों का देश कहा जाता है। इनका होना इस बात का प्रतीक है कि राजा न्याय और शक्ति के साथ राज्य करता है।

**126.** (D) गरबा गुजरात, राजस्थान और मालवा प्रदेशों में प्रचलित एक लोकनृत्य, जिसका मूल उद्‌गम गुजरात है।

**127.** (A) पन्नालाल घोष बाँसुरी वाद्य-यंत्र बजाते थे। पन्नालाल घोष को अमल ज्योति घोष के नाम से भी जाना जाता है। यह भारतीय बाँसुरी वादक हैं।इनका सम्बन्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत से है।इनकी मृत्यु 20 अप्रैल, 1960 को नई दिल्ली में हुई।

**128.** (A) रियो शिखर सम्मेलन का सम्बन्ध—जैव विविधता पर सम्मेलन से है। रियो-डी-जेनेरियो (ब्राजील) में 1992 में प्रथम सम्मेलन हुआ जिसे अर्थ समिट (पृथ्वी सम्मेलन) कहा जाता है। इसका सम्बन्ध पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता जैसे मुद्दे से है।

**129.** (B) सार्क (SAARC)—(South Association Regional Corporation) का सचिवालय काण्डमाडू (नेपाल) में स्थित है। सार्क एक दक्षिण एशियाई देशों का संगठन है। इसकी स्थापना 1985 में ढाका बांग्लादेश में हुई।

**130.** (D) 24 भारतीय भाषाओं में सर्वोत्तम लेखन के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिए जाते हैं। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं के अतिरिक्त राजस्थानी एवं अंग्रेजी भाषा में यह पुरस्कार दिया जाता है।

## तार्किक ज्ञान

**131.** (A) जिस प्रकार चेन्नई तमिलनाडु की राजधानी है, उसी प्रकार देहरादून उत्तराखण्ड की राजधानी है।

**132.** (C) $DE = \frac{4 \times 5}{2}$

$= 10$ (क्रम के अनुसार)

$\therefore \quad HI = \frac{8 \times 9}{2} = \boxed{36}$

**133.** (C) 'वृत्त' लम्बे व्यक्तियों को, 'त्रिभुज' सैनिकों को तथा 'वर्ग' सशक्त व्यक्तियों को निरूपित करता है, जबकि हमें उस संख्या को ज्ञात करना है जो कि सशक्त सैनिक अर्थात् सशक्त एवं सैनिकों को निरूपित करता है। अतः दिये गए आरेख में हम उस संख्या को ज्ञात करेंगे जो कि वर्ग एवं त्रिभुज में Common हो। यहाँ हम पाते हैं कि ऐसी संख्या केवल 6 है जोकि वर्ग एवं त्रिभुज दोनों में समान है। अतः संख्या '6' सशक्त सैनिकों को निरूपित करेगी।

**134.** (A) | 5 | 4 | 8 |    | 5 | 4 | 6 |

**135.** (A) 2 [5] (3) → (books) are [old]

[5]46 → man is [old]

(3)78 → buy good (books)

∴ are → 2

## सूचना तकनीकी

**136.** (C) CPU का कंट्रोल यूनिट भाग कम्प्यूटर घटकों की गतिविधियों का संचालन करता है।

**137.** (A) E.D.P. का पूरा नाम इलेक्ट्रॉनिक डेटा प्रोसेसिंग होता है।

**138.** (D) वर्तमान समय में शिक्षा का आधार डिजिटल हो गया है। शिक्षक के शिक्षण का स्तर ऑनलाइन हो गया हे। दूरदराज जगह पर स्थिथ शिक्षार्थी इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान है।इसके लिए डिजिटल सामग्री का उपयोग होता है। जैसे स्मार्टफोन, टैबलेट आदि।

**139.** (A) 1994 ई. में वर्ल्ड वाइड वेब के लिए विभिन्न मानकों तथा प्रोटोकॉल का विकास करने के लिए वर्ल्ड बाइड वेब की स्थापना की गई।

**140.** (A) वेब ब्राउजर का विकास टिम बर्नर्सली ने 1991 में किया था।

## जीवन कौशल/प्रबन्धन एवं अभिवृत्ति

**141.** (A) भारत में व्यावसायिक शिक्षा 1986 ई. में शुरू हुई थी।

**142.** (C) अभिप्रेरणा का तात्पर्य कार्य करने का पुनर्बलन होता है अर्थात् वह वाह्य या आन्तरिक बल जो किसी कार्य को करने में रुचि उत्पन्न करे। अभिप्रेरणा से किया गया कार्य प्रभावी होता है अतः अधिगम केवल तभी प्रभावित होगा जब शिक्षार्थियों में भीतरी प्रेरणा हो तथा सीखने की अन्तर्निहित इच्छा हो।

**143.** (C) परामर्श का परिणामी प्रभाव छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि है।परामर्श वह पद्धति है जिसके द्वारा किसी की समस्याओं पर शोध करके उसका हल निकाला जाता है ताकि छात्र/व्यक्ति अपने आगे आने वाली बाधाओं को आसानी से पार कर सके।

**144.** (C) भारत के संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार तथा शिक्षा सम्बन्धी प्रावधान दोनों है।

**145.** (C) प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को अपने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करने के लिए चाहिए कि वे बच्चों के रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें तथा उन्हें पाने में उनकी मदद करें, क्योंकि बच्चे वह कार्य ज्यादा लगन तथा सामर्थ्य से करते हैं जिसे करने में उन्हें आनन्द आता है।

**146.** (A) मौलिक कर्तव्यों की संख्या 10 थी पर 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा 11 कर्तव्यों भी जोड़ा गया इस प्रकार वर्तमान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या 11 है।

**147.** (D) दण्ड के प्रमुख सिद्धान्त है –

1. प्रतिरोधात्मक
2. प्रतिकारात्मक
3. सुधारात्मक
4. प्रायश्यित

उपर्युक्त विकल्प (D) सही है।

**148.** (C) शिक्षार्थी तब तक नहीं सीखते जब तक वे सीखने का प्रयत्न नहीं करते तथा सीखने के लिए जिज्ञासु नहीं होते, इसलिए सर्वप्रथम शिक्षक को शिक्षार्थियोंको मानसिक व शारीरिक रूप से अधिगम के लिए तैयार करना चाहिए।

**149.** (A) भावात्मक प्रेरणाएँ व्यक्ति की भावनाओं से सम्बन्धित होती है, जो व्यक्ति को उसका लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभिप्रेरित करती है।

**150.** (B) संविधान के 21 ए अनुच्छेद में नागरिकों के मूलभूत कर्तव्यों की चर्चा है।

●●